रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 30.0° | 31.8° |
| न्यून. | 16.5° | 17.9° |

रांची, बुधवार
12 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 41, पृष्ठ-12

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





₹ 80700 10 ग्राम

₹ 102000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,102.32 | 87.273 |
| -12.85 | -0.017 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:59 | 4:41 |
| 12 मार्च | 13 मार्च |

# रंगों के त्योहार होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं : सीएम

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को कार्यवाही समाप्ति के बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश की तथा अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए।


झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य विधायक शामिल हुए।

- **झारखंड** विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन
- **एक-दूसरे पर फूलों की बारिश की, अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की बधाई और शुभकामनाएं**
- **विधानसभा** अध्यक्ष, मंत्री और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के विधायक हुए शामिल

### पुलिस एस्कॉर्ट टीम पर हमला कर भागने की थी साजिश

# कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में हुआ ढेर

- घात लगाए लोगों ने एस्कॉर्ट टीम पर किया बम-गोली से हमला
- अमन ने जवान की राइफल छीनकर भागने की कोशिश की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा में मुठभेड़ के दौरान कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव को मार गिराया। वह हत्या, अपहरण, रंगदारी और 100 से अधिक मामलों में शामिल था और झारखंड, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में सक्रिय था।

जानकारी के अनुसार अमन साहू को एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव की हत्या और कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर हमले के मामलों में पूछताछ के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था। घटना मंगलवार की सुबह करीब 9:15 बजे की है। जैसे ही टीम का वाहन चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए हमलावरों ने बम और गोली से हमला कर दिया।

शेष पेज 11 पर



**अमन साहू का आपराधिक इतिहास**

1. **100+ संगीन मामले :** हत्या, रंगदारी, अपहरण जैसे अपराधों में संलिप्तता थी।
2. **व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को धमकी :** कोयला कारोबारियों को खास निशाना बनाता था।
3. **तीन राज्यों में नेटवर्क :** झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में सक्रिय था।
4. **सोशल मीडिया पर अपराध की जिम्मेदारी :** गिरोह के गुर्गे हमलों के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते थे।

### अमन को छुड़ाने का बनाया गया था प्लान

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हमलावरों ने अमन साहू को छुड़ाने के लिए पूरी साजिश रची थी, लेकिन एटीएस की सतर्कता से वे नाकाम रहे। घटनास्थल से दो बम और गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। मौके पर पहुंची बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने बमों को डिफ्यूज किया।

### दिनभर सील रहा चैनपुर-रामगढ़ मार्ग

घटना के बाद सुरक्षा के लिहाज से चैनपुर-रामगढ़ मुख्य मार्ग को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पूरी तरह सील कर दिया गया था। इस दौरान आवागमन पूरी तरह बंद रहा। लोग दूसरे रास्तों से अपने गंतव्य तक पहुंचे। शाम में करीब 5:30 बजे अमन साहू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इधर, पोस्टमार्टम के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

### आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100-200 के नोट होंगे जारी

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपए के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक के पहले जारी 100 और 200 रुपए के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के नोट जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने कहा, इन नोटों का डिजाइन महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपए के नोटों के समान है।

## सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड और हरियाणा के बीच खिताबी भिड़ंत आज

**पंचकूला (आईएएनएस)**

15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला बुधवार (12 मार्च) की शाम को यहां ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल में हॉकी झारखंड का मुकाबला गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम से होगा। बुधवार को ही हॉकी मिजोरम तीसरे-चौथे स्थान के लिए हॉकी महाराष्ट्र से खेलेगा। इससे पहले, हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल की। डिवीजन 'ए' के पहले सेमीफाइनल मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से हराया। वहीं, डिवीजन 'ए' के दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड में मुकाबला हुआ। दोनों ने अंतिम सीटी बजने तक एक-दूसरे को गोल करने से रोकने के लिए शानदार कौशल दिखाया और मैच 0-0 पर समाप्त हुआ। इसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया और हॉकी झारखंड ने करीबी मुकाबले में 3-2 (शूटआउट) से जीत हासिल की।



### पाकिस्तान के राजदूत को एंट्री देने से अमेरिका का इनकार, लौटाया

**इस्लामाबाद।** अमेरिका में पाकिस्तान के लिए एक शर्मिंदगी भरी घटना घटी है। यहां शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक को प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया और 'विवादास्पद वीजा संदर्भों' के कारण निर्वासित कर दिया गया। यह जानकारी पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी। तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत केके वागन कथित तौर पर एक निजी यात्रा के लिए लॉस एंजिल्स जा रहे थे, लेकिन वहां पहुंचने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें रोक लिया।

### सीएम आज विधि-व्यवस्था को लेकर करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर बुधवार (12 मार्च) को समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री जिले के डीसी और एसपी के साथ प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री इस बैठक में विधि व्यवस्था पर समीक्षा के अलावा राज्य में नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स जैसे कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा व समीक्षा करेंगे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दर्ज की जाएगी एफआईआर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




- दिल्ली में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका देते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने वर्ष 2019 में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिका स्वीकार कर ली और पुलिस को 18 मार्च तक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। अदालत में वर्ष 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी के पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पूर्व पार्षद नितिका शर्मा ने दिल्ली में जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर जानबूझकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया। शिकायत में इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा, इस अदालत की यह राय है कि सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत आवेदन स्वीकार किए जाने योग्य है। तदनुसार, संबंधित एसएचओ को दिल्ली संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम, 2007 की धारा 3 के तहत तुरंत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाता है और मामले के तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि कोई अन्य अपराध किया गया है। इससे पहले, 2022 में एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायत को खारिज कर दिया था। हालांकि, एक सत्र अदालत ने इस फैसले को पलटते हुए मजिस्ट्रेट को याचिका पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया था। मामले के फिर से सुर्खियों में आने के बाद अदालत ने पुलिस को 18 मार्च तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह फैसला अरविंद केजरीवाल के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी चुनौती है।

शेष पेज 11 पर




*झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित मंत्री और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे।*

### जूनियर डाक्टरों को मिली प्रोन्नति, सीनियर हुए जूनियर

# डॉक्टरों से सौतेला व्यवहार नहीं होने देंगे : डॉ इरफान अंसारी

- *रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गए। श्री कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।



स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक में रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि डाक्टरों से सौतेला व्यवहार नहीं होने देंगे।

### विपक्ष ने उठाया खासमहल भूमि के मालिकाना हक का मुद्दा

## खासमहल भूमि को फ्री होल्ड करने का निर्णय जल्द : दीपक बिरुआ

**रांची।** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। उनका कहना था कि डालटनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं, जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है।



भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

विपक्ष पर पलटवार करते हुए बजट भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल के हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर फ्री होल्ड करने का निर्णय ले लिया जाएगा।

### रजिस्टर टू की हालत जर्जर, दाखिल खारिज कराने में हो रही परेशानी



**रांची।** मंगलवार को विधानसभा में ऑनलाइन म्यूटेशन, ऑन-लाइन रसीद कटने, खतियान दूसरे के नाम तो जमीन दूसरे के नाम, अचंल में भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। सदन में प्रश्न उठा कि अपनी जमीन को प्राप्त करने में लोगों को समस्याएं हो रही है। अंचल में हर काम के पैसे देने होते हैं हाल में ही सदर सीओ की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। वहीं रजिस्टर टू की हालत जर्जर है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने उन्होंने कहा कि यह सत्य है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की बात उन्होंने कही।

# राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

- *विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत*
- *मजदूरी मद में 80 करोड़ रुपए स्वीकृत*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपए का बजट पेश किया जिसमें राज्य स्कीम मद में 1,30,00,00,000 रूपए एवं स्थापना व्यय में 6,28,97,31,000 रूपए है।

इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।

### राज्य स्कीम मद का बजट स्वीकृत

राज्य स्कीम अंतर्गत मजदूरी मद में 80 करोड़ रूपए,कार्यालय उपकरण में 10 करोड़, मुद्रण में 1 करोड़ रूपए, नई मोटरगाड़ी के क्रय में 3 करोड़ 50 लाख रूपए, निर्माण कार्य में 25 करोड़, आर्थिक सहायता 25 लाख रूपए, वैधिक सहायता 25 लाख रूपए, सहायता अनुदान सामान्य मद में 10 करोड़ रूपए है। कुल 1,30,00,00,000 रूपए का बजट स्वीकृत किया गया।

### स्थापना व्यय का बजट

वेतन मद में 5,33,09,26000 रूपए, मजदूरी में 1,33,00,000 रूपए,संविदा भत्ता 2,24,24,000 रूपए, मानकी मुण्डा आदि को मानदेय 50,00,00,000 रूपए,मानदेय में 4,50,000 रूपए, छुट्टी यात्रा रियायत 2,59,5000 रूपए, देशीय यात्रा भत्ता 1,60,50,000 रूपए, कार्यालय व्यय 14,47,75,000 रूपए, किराया में 5,00,000 रूपए, कार्यालय उपकरण में 1,00,00,000 रूपए, मुद्रण में 1000 रूपए, सेमिनार में 1,00,000 रूपए, आपूर्ति एवं सामग्री 82,00,000 रूपए, विज्ञापन, प्रचार- प्रसार 5,00,000 रूपए, व्यवसायिक सेवाएं 41,00,000 रूपए, परामर्शी शुल्क 3,00,000 रूपए,पुस्तकालय में 50,000 रूपए, दूरभाष में 14,41,9,000 रूपए, वर्दी में 5,65,00,00 रूपए, प्रशिक्षण व्यय में 11,01,000 रूपए, विद्युत व्यय में 30,91,5000 रूपए, नई मोटर गाड़ी का क्रय 5000 रूपए, मोटरगाड़ी ईंधन एवं मरम्मति 11,85,50,000 रूप अनुरक्षण मरम्मति एवं सुसज्जीकरण में 3,00,00,000 रूपए, मुआवजा में 7,04,000 रूपए, कर में 1000 रूपए, अन्य व्यय 1000 रूपए, विधि प्रभार में 1,37,11,000 रूपए,जेनरेटर का ईंधन में 4,00,000 रूपए वापसी मद में 20,00,3,000 रूपए है।

# अमन साहू के एनकाउंटर को पक्ष-विपक्ष ने सराहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में कोल ट्रांसपोर्टर विपिन मिश्रा पर अमन साहू गिरोह के द्वारा फायरिंग किए जाने व एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के बाद विपक्ष ने सोमवार को सदन में सरकार को कानून व्यवस्था के प्रश्न पर घेरा था। वहीं डीजीपी अनुराग गुप्ता के जेल से अपराधियों के द्वारा गिरोह के संचालन किए जाने के बयान की आलोचना की थी। लेकिन मंगलवार की सुबह अमन साहू को मुठभेड़ में मारे जाने की जानकारी मिलने के बाद विपक्ष ने भी मुठभेड़ की सराहना की।

#### अपराधियों को मिला बड़ा संदेश : बाबूलाल मरांडी



नेता प्रतिपक्ष व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस द्वारा एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए।

#### कानून से खिलवाड़ करने वालों का हो यही हश्र : पूर्णिमा



अमन साहू के एनकाउंटर पर भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों का यही हश्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस के ऐसे काम से अपराधियों के मन में खौफ पैदा होगा।

#### इसी अंदाज में काम करें सरकार : अमित यादव



भाजपा विधायक अमित यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसी अंदाज में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह कार्रवाई हुई तो सभी सुरक्षित रहेंगे। यादव ने कहा कि डीजीपी ने हिम्मत दिखायी, उनमें भी यही जज्बा कायम रहना चाहिए।

#### जीरो टॉलरेंस की सरकार : इरफान अंसारी



मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पुलिस पर हमला किया गया था, ये सरकार जीरो टॉलरेंस की सरकार है। किसी के अपराध को बख्शा नहीं जाएगा।

## लूट पाट के क्रम में घायल महिला की मौत

**रांची।** घर में घुस कर लूट पाट के क्रम में घायल टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू साखे टोली निवासी प्रभात कुमार सिन्हा की पत्नी रेणुका सिंह 58 वर्ष का राज अस्पताल में ईलाज के क्रम में निधन हो गया। उनकी पुत्री का ईलाज अस्पताल में चल रहा है। मंगलवार को रिम्स में रेणुका सिंह का पोस्टमार्टम करा कर शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी की रात रेणुका सिंह अपनी बेटी के साथ सो रही थी तो घर का ताला तोड़कर तीन लोग उनके घर में घुस गए और मोबाइल समेत घर में रखे कीमती सामान लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने दोनों मां बेटी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। टाटीसिल्वे पुलिस द्वारा अबतक घटना में शामिल लोगों की धर पकड़ नहीं किए जाने से लोगों का पुलिस के प्रति भारी आक्रोश है।

# कोल इंडिया अध्यक्ष सीएम हेमंत से मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## जीएम लैंड को सरकार लैंड बैंक से बाहर करेगी

**रांची।** भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया गया था। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक विरूआ ने कहा कि हेमंत सरकार के राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्य सरकार लैंड बैंक से बाहर करेगी।

# अपराधी अफजल हुसैन को नहीं मिली जमानत, याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बंद घर में चोरी करने के अपराध में पिछले 15 महीने से जेल में बंद शातिर अपराधी अफजल हुसैन उर्फ जावेद को जमानत देने से सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त की अदालत ने इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह उक्त आरोप में 18 दिसंबर 2023 से जेल में है। याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति है, जिसके खिलाफ यूपी और झारखंड राज्य में कुल 7 मामले दर्ज है। आरोपी जावेद डोरंडा कांड संख्या के एक मामले में जेल में है। आरोपी पर डोरंडा निवासी उमेश प्रताप सिंह के घर का ताला तोड़कर कीमती आभूषण चोरी कर लेने का आरोप है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सूचक 29 नवंबर 2023 को दोपहर लगभग 2.50 बजे अपने भतीजे को स्कूल से लेकर घर लौटा, तो देखा की घर का सामान बिखरा पड़ा था और आभूषण के बक्से खाली थे।




# नशे में हथियार के दुरुपयोग में एक व्यक्ति जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को करीब 08 बजे रात में रिंग रोड स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के भूतपूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी द्वारा शराब पीने के दौरान हथियार के दुरूपयोग के कारण गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें जितेंद्र सिंह जख़्मी हो गया। जख़्मी जितेंद्र सिंह में रिम्स में इलाजरत है और खतरे से बाहर है। जख़्मी जितेंद्र सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अनुसंधान के क्रम में गोली चलाने वाले व्यक्ति पंकज सिंह को गिरफ़्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त 01 अवैध आग्नेयास्त्र (पिस्टल), खोखा एवं 02 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ़्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है तथा कांड का अनुसंधान जारी है।

# उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राजनीतिक दलों को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर 19 मार्च को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है। चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने19 मार्च को अप॰ 04:00 बजे रांची समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' के कमरा संख्या 207 में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है।



## आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने रांची स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीपु कुमार और कुंदन कुमार शामिल हैं। दोनों बिहार के पटना के रहने वाले हैं। एएसआई रवि शेखर ने बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### पुलिस सूत्र ने किया खुलासा

## बरियातू में गोली चलाई जाने कि घटना अफवाह



**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित सेंट्रल अकादमी स्कूल के पास अज्ञात अपराधी ने एक व्यक्ति पर गोलियां चलाए जाने कि घटना मंगलवार को सुर्खियां बटोर रही थी। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार गोली बारी हुई ही नहीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साहिल और उस्मान पुराने दोस्त है। दोनों में बीते दिनों किसी बात पर लड़ाई हुई थी। जिसके समझौते के लिए दोनों ने मंगलवार को मुलाकात की लेकिन मुलाकात में भी बात नहीं बन पाई और दोनों में हाथापाई हो गई। साहिल प्लम्बर का काम करता है और उस्मान वेल्डिंग का काम करता है। साहिल और उस्मान हाथापाई के बाद से एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एटीएस डीएसपी पीके सिंह ने गैंगस्टर अमन साहू का किया एनकाउंटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने मार गिराया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह की गोलियों का शिकार हुआ। पीके सिंह इस समय एटीएस में डीएसपी हैं। पीके सिंह धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना प्रभारी रहे हैं। वर्ष 2022 में बैंक मोड़ में मुथूट फाइनेंस में अपराधियों ने डाका डालने की कोशिश की थी, तब पीके सिंह ने ही उन डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया था।पीके सिंह की पहली पोस्टिंग वर्ष 2006 में नावाडीह थाने में हुई थी। पोस्टिंग के दौरान ही उन्होंने कहा था कि वह जहां रहेंगे, अपराधी उनके नाम से थर-थर कांपेंगे। अपने कथन को उन्होंने सच साबित किया। कुछ ही दिनों में अपराधियों के लिए वह खौफ का पर्याय बन गए। कई अपराधियों का उन्होंने एनकाउंटर किया। इसके बाद उनको एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाने लगा। अपराधियों के लिए काल बन चुके प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह का नाम विवादों से भी जुड़ा। धनबाद के ईस्ट बसुरिया मर्डर केस के पीड़ित लोग जब न्याय और मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पीके सिंह ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया था। हालांकि, प्रदर्शन बिल्कुल शांतिपूर्ण था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से की गई थी। रायपुर जेल में बंद अमन साहू को रिमांड पर मंगलवार को रायपुर से सड़क मार्ग से रांची लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की। उसने एक सिपाही के हाथ से इंसास राइफल भी छीन ली। पुलिस पर गोली भी चलायी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इसी दौरान डीएसपी पीके सिंह ने अमन साहू को मुठभेड़ में मार गिराया।



### अमन का मोबाइल दुकान से गैंगेस्टर तक का सफर



पुलिस एनकाउंटर में मारा गया अपराधी अमन साव का आरंभिक जीवन पतरातू में बिता। अमन साव के पिता निरंजन साव पतरातू में दुकान करते थे। इंटर तक पढ़े अमन की शिक्षा पतरातू से ही हुई अमन के दादाजी हरिदास साव मतवे में खेती-बाड़ी करते थे। एक भाई सर्विस करता है और एक भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। अमन साव इंटर करने के बाद पतरातु में मोबाइल दुकान खोला। मोबाइल दुकान खोलने के बाद दुकानदारी के दौरान अमन साव सुशील श्रीवास्तव गिरोह के संपर्क में और सुशील श्रीवास्तव गिरोह के लिए काम करने लगा। कुछ दिनों में क्षेत्र में अपना पकड़ बना लिया और गिरोह से अलग होकर काम करने लगा। इसके बाद सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह की दबिश बढ़ने पर अमन पूरे परिवार के साथ मतवे आ गया। मतवे में अमन के पिता ने किराने की दुकान खोल ली। अमन का नानी घर बुण्डू में है। मंगलवार 12 बजे परिजनों ने बताया कि अमन के मारे जाने की सूचना सोशल मीडिया से मिली है। सूचना मिलने के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# श्री श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार सुबह 5:00 बजे पट खुला। इसके बाद एकादशी संकीर्तन में शामिल सैकड़ो भक्तों और नियमित श्याम प्रेमियों ने बाबा के मंगला दर्शन कर मंगला आरती की। मंगला आरती के बाद बाबा के पट श्रृंगार के लिए कुछ देर के लिए लगाए गए। पुनः श्रृंगार करके पट को श्रृंगार आरती के समय खोलकर आरती की गई। बाबा की बड़ी द्वादशी पर जेपी सिंघानिया ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की। 9:15 बजे के पहले ज्योत लेने के लिए दरबार में सैकड़ो की संख्या में भक्त लाइन में लगे हुए थे। निरंतर अखंड ज्योति का कार्यक्रम रात्रि तक चलता रहा। हजारों की संख्या में भक्तों ने अखंड ज्योति में आहुति देकर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। अखंड ज्योति के साथ ही सैकड़ो भक्तों ने महाभोग पूर्ण सवामणि भोग फल सवामणि भोग मेवा सवामणि भोग बाबा श्याम को भोग अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने 12.30 बजे श्याम बाबा को रसोई का भोग लगाया। 4:30 बजे से आमजनों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक निरंतर चलता रहा। लगभग 15000 से ज्यादा लोगों ने इस भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया। संध्या 6:15 बजे बाबा की द्वादशी संकीर्तन प्रारंभ हुआ जो की देर रात तक चलता रहा। आज के संकीर्तन में मंडल के सदस्य एवं स्थानीय कलाकारों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम मित्र मंडल के श्रवण ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा सलज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मोनू, पवन शर्मा, मदन सोनी, राजन जोशी रवि जोशी विभोर डागा तनय काठपाल एवं अन्य ने बाबा के दरबार में भजनों के हाजिरी लगा भक्तों को भावविभोर किया। महाभंडारे के प्रसाद में छप्पन भोग, चूरमा, खीर, प्रसाद पूरी, चना की सब्जी का वितरण किया गया। रात्रि 9:30 बजे के आसपास महाआरती के साथ श्री श्याम मित्र मंडल का 53 वा स्थापना दिवस सह रंग रंगीला फागुन महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव में अहम रूप से अपना योगदान देने वालों में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महोत्सव संयोजक श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली , आदित्य लोहिया, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, राजेश कतारुका, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी, किशन शर्मा, विशाल पोद्दार। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।



## बिरसा मुंडा स्टेडियम में ट्रैक लगाने का काम शुरू

**रांची।** बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी में नया सिंथेटिक ट्रैक लगने का काम शुरू हो गया है। ग्राउंड के एक छोर में खुदाई का काम चल रहा है। मिट्टी भरने के बाद चार लेन का ट्रैक बिछाया जाएगा। 70 मीटर का ट्रैक 25 अप्रैल तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह ट्रैक तीन से पांच मई तक इस स्टेडियम में प्रस्तावित साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप को ध्यान में रखकर लगाया जा रहा है। झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) की ओर करीब 3 करोड़ की लागत से नया ट्रैक लगाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान इसकी आवश्यकता होती है, ताकि खिलाड़ी वॉमर्अप कर अपने इवेंट के लिए मुख्य ट्रैक पर आएं। बिरसा मुंडा स्टेडियम में अभी मुख्य ट्रैक है, लेकिन एक वॉर्मअप ट्रैक की आवश्यकता थी। पूर्व में 50 मीटर के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन साझा की ओर से कंपनी को 70 मीटर का ट्रैक बनाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही स्टेडियम में एलइडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। एलईडी स्क्रीन में मैच का लाइव प्रसारण होने के साथ स्कोर बोर्ड भी चलेगा, जो अंतरराष्ट्रीय आयोजन का एक प्रारूप है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के बाद खेल विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ियों को यह अभ्यास ट्रैक उपलब्ध होगा।

### ड्यूटी के साथ होली मनाएंगे राजधानी के अधिकारी

# होली के लिए तैयार है राजधानी रांची

होली का पर्व रंगों और खुशियों का पर्व है। होलिका दहन से लेकर होली तक तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। सभी वर्ग के लोग होली पर्व अपने परिवार के साथ मनाना पसंद करते हैं। ऐसे में राजधानी के प्रशसनिक अधिकारी व अधिवक्ताओं ने होली मानाने का तरीका बताया । साथ ही कहा कि होली खुशियों और रंगों का पर्व है। इसलिए सभी गिले शिकवे गिले मिटा कर होली पर्व का आनंद लें।



### पकवानों और मिठाई की मिठास के साथ मनाएंगे होली : अरुण



वार्ड पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि समाज की अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने इस वर्ष 14 मार्च को होली मनाएंगे। हमारे यहां हर वर्ष होली की टोली सुबह में जमा हो जाती है और रंग-अबीर के साथ होली का पारंपरिक गानों के संग होली की शुरुआत हम लोग करते हैं। घर में सुबह बने पकवान खाकर अपने मित्रों के संग गाना गाते हुए एक दूसरे के घर जाकर गाना गाते हैं और रंग अबीर लगाते हुए सभी को होली की शुभकामना देते हैं।

### फगुआ गीत और कविताओं के साथ मनाएंगे होली : संजय विद्रोही



बार एसोसिएशन के महासचिव संजय विद्रोही ने बताया कि होली की छुट्टी से पहले बार एसोसिएशन के द्वारा सिविल कोर्ट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। एसोसिएशन के महासचिव ने बताया कि सम्मेलन में बेंच और अधिकवक्तों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देंगे। समारोह में कई थाना प्रभारी और अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कोर्ट में होली मिलन समारोह का हमेशा अलग और अनोखा अनुभव रहा है। इस बार भी अधिवक्ताओं के द्वारा कविताएं सुनाई जाएगी। फगुआ गाया जाएगा। साथ ही करीब 2000 से अधिक लोग कार्यक्रम के बाद एक साथ भोजन करेंगे।

### पलाश के फूलों से बाल गोपाल और मां तारा को लगाएंगे रंग : तनुश्री



सीडब्लूसी अध्यक्ष खूंटी तनुश्री सरकार ने कहा कि होली में होलिका दहन के दिन दोल उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही बाल गोपाल और मां तारा को अपने हाथों से बनाया गया पलाश के फूलों का रंग बनाकर लगाते हैं। उन्होंने कहा आज के ही दिन खीर बनाया जाता है। इसके बाद पूरे परिवार के साथ होली मनाया जाता है। होली के दिन तरह- तरह के पकवानों के साथ परिजनों को रंग गुलाल लगा कर होली का पर्व मनाएंगे।

### राजधानीवासियों की होली के बाद होगी हमारी होली : एसएसपी



रांची डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया की राजधानी की बागडोर के साथ परिवार और पुलिस के साथ कैसे होली का पर्व मानते हैं। उन्होंने कहा- पहले राजधानी वासियों के लिए विधि-व्यास्था दुरुस्त करते हैं। जब राजधानी में होली हो जाती है तब वक्त निकल कर अपने परिवार के साथ होली खेलते हैं। उन्होंने कहा कि होली के दिन पुलिस कर्मी आवास पर आकर रंग गुलाल लगाकर होली खेलते हैं क्योंकि पुलिस परिवार भी अपना परिवार है। साथ ही फगुआ गीत गाकर कर होली में खुशियां मनाते हैं।

### राजधानी की कमान संभालते हुए मनाएंगे होली : एसडीओ



रांची एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि राजधानी की बागडोर संभालते हुए अपने परिवार के होली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि रांची में किसी तरह की कोई घटना ना हो इसके लिए पुलिस की गश्ती पेट्रोलिंग करती रहेगी। जरूरत पड़ने पर अधिकारी भी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा अपने परिवार के साथ रंग गुलाल और पकवान के साथ होली मनाएंगे।

### राजधानी में होली मनेगा उसके बाद हम होली मनाएंगे : डीएसपी



डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने कहा राजधानी में होली का पर्व शांति व सौहादे से बीते, यह जिम्मेदारी रांची पुलिस की है। पूरी विधि व्यवस्था और शांति के साथ होली का पर्व मनाया जाए इसके लिए रांची पुलिस साक्रिय है। उन्होंने कहा कि राजधानीवासी और पुलिस परिवार की जिम्मेदारियों के बाद अपने परिवार के साथ होली खेलते हैं।

### रंग-गुलाल के साथ मनाएंगे होली : विवेक आर्या



सिविल कोर्ट अधिवक्ता विवेक आर्या ने कहा कि कोर्ट में काफी धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाई जाएगी। अपने कार्यक्षेत्र में साथ रहने वाले भी एक परिवार की तरह ही होते हैं। उनके साथ होली खेलने और रंग गुलाल लगाने का अलग ही आनंद है। उन्होंने कहा परिवार, संबंधियों और पड़ोसियों के साथ होली का पर्व रंग-गुलाल लगाकर सारे गिले शिकवे को भुला कर होली मनाते हैं।

### रांची के कोकर में भीषण सड़क हादसा

# स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन युवकों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास मंगलवार के तड़के करीब 03:00 बजे एक स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल हैं।

इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम के सुजीत कुमार सिंकू, पृथ्वी कुमार सहदेव और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार, सभी युवक एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए जमशेदपुर से रांची आए थे। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वे सभी वापस लौट रहे थे।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार के तड़के करीब 03:00 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी।

- रांची में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे वापस



- मृतकों में भाजपा नेता बास्को बेसरा का बड़ा पुत्र भी शामिल

टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीसरे युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। अन्य घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि उनका बड़ा पुत्र अग्नि बेसरा रांची के एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर वह अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया वापस लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में उनके बड़े पुत्र और उसके दो दोस्तों की मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गई थी।

## हुटुप गौशाला धाम मे 9 दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 17 से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची गौशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम परिसर( ओरमांझी) में 17 से 25 मार्च तक भव्य श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रभारी वासुदेव भल्ला एवं मुकेश काबरा ने बताया कि 9 दिवसीय श्री राम कथा की कथा व्यास संगीता किशोरी 17 से 25 मार्च तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक श्री राम कथा का वाचन करेगी। जो अपने आकर्षक और प्रेरणादायक शैली के लिए विख्यात है। कथावाचक संगीता किशोरी का राम कथा में विशेष योगदान है। उनका कथा वाचन शैली सहज और दिन को छूने वाली होती है जिससे श्रोताओं को कथा के प्रत्येक प्रसंग में रमने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि रांची के हुटुप गौशाला धाम में आयोजित होने वाली श्री राम कथा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है बल्कि यह समाज में सत्य, प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास भी है। इस प्रकार के



आयोजनों से हमें जीवन में राम के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं के द्वारा 17 मार्च को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। तथा श्री राम कथा के मुख्य यजमान भाला परिवार है। तथा कथा में स्थानीय ग्रामीण के अलावा शहर के गणमान्य लोगो की भी पूर्ण सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु वासुदेव भाल्ला, मुकेश काबरा, उदय शर्मा, विपिन भाला, अशोक सोढ़ानी, संजय सर्राफ, नीरज भट्ट आदि अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## अग्रसेन पथ श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का मंगलवार को तीसरे दिन अग्रसेन पथ स्थित श्याम मंदिर में भव्य समापन हुआ ।इस अवसर पर राजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का भव्य एवं नैनाभीराम श्रृंगार किया गया। अहले सुबह से ही श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन के लिए अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। सम्पूर्ण दिवस भक्तगण कतारबद्ध होकर श्री श्याम प्रभु का दर्शन कर ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे।इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया जो संपूर्ण दिवस प्रसाद रूपी मंदिर प्रांगण से भक्तगण के बीच वितरण किया गया। साथ ही संपूर्ण दिवस श्री श्याम मंदिर का परिसर श्याम प्रभु के जयकारों से गूंजता रहा साथ ही भक्तों द्वारा 401 सवामणि का भोग श्याम प्रभु को निवेदित किया गया। साथ ही श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा रात्रि 8 बजे से संगीतमय संकीर्तन पूरे मंदिर परिसर को श्याममय बना दिया। रात्रि 10 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात तीन दिवसीय श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, बालकिशन परसरामपुरिया, राकेश सारस्वत , चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, पप्पी शर्मा, अजय रूंगटा, सुदर्शन चितलंगिया, प्रदीप अग्रवाल , विकाश पाड़िया का विशेष सहयोग रहा।

## झारखंड में 14 से छाएंगे बादल, बढ़ेगा तापमान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समेत झारखंड में अगले चार दिनों के दौरान गर्मी बढ़ते ही 14 से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। इसके बाद बादल छाएंगे जो 17 तक कायम रह सकते है। इस दौरान बादल छाने से रांची समेत झारखंड के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 14 मार्च तक आसमान साफ रहेगा। झारखंड और पड़ोस के राज्यों में भी आसमान पूरी तरह साफ है। इससे कड़ी धूप के कारण तापमान में अगले तीन दिनों के दौरान तेजी से वृद्धि होगी। लेकिन 14 के बाद बादल छाने से इसमें कमी आएगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 14 मार्च को देश के पश्चिमोत्तर भाग में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने से मौसम में बदलाव होगा। राजधानी में मंगलवार को अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री दर्ज किया गया। दोनों तापमान सामान्य से करीब डेढ़ डिग्री अधिक है। जबकि जमशेदपुर का अधिकतम 36.0 और बहरागोड़ा का अधिकतम सबसे अधिक 38.3 डिग्री तक पहुंच गया है। राज्य में रांची, चतरा और लोहरदगा को छोड़कर अधिकांश शहरों के तापमान करीब 33 डिग्री से अधिक चल रहे हैं।


## इंडिया | 150 आपराधिक केसों वाले अमन की मुठभेड़ में मौत हुई या सामाजिक वध

भारत में किसी की भी मृत्यु के बाद अच्छा बोलने की परंपरा है जैसा रामायण महाभारत में दुष्टों के भी मारे जाने पर सभी लोगों ने खुशियां नहीं मनाईं, समाज का बड़ा भाग इतिहास की दुखद घटनाओं के बाद हर्ष नहीं व्यक्त करता पर विगत कुछ दशकों से चल रहे परिवर्तन की बयार के अनुकूल उसके मारे जाने पर टीवी पर अनेक नेताओं ने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए बयान दिया कि बाबा के रास्ते पर अब झारखंड चल पड़ा है जब ऐसे बदमाशों का ऐसे ही अंत होता है जिसे जनभावना की गूंज कहा जा सकता है । बिहार के जमाने से ही रांची सहित विभिन्न स्थानों में कई चर्चित मुठभेड़ हुए हैं जिसके बाद कुछ वर्षों तक अपराध के आंकड़े थम से गए थे पर अपराध की स्थिति यहां तक पहुंची कैसे कि दिनदहाड़े एनटीपीसी के एक बड़े अधिकारी की हत्या नाजायज वसूली के लिए हो जाती है और देश भर में इसकी गूंज उठती है क्योंकि वे एक बड़े राजनेता के परिवार से आते थे । रांची के पास बुढ़मू के एक छोटे से गांव मतवे के इस 30 वर्षीय युवक ने 2010 में मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ पास की थी और इसके बाद पंजाब के मोहाली से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा किया था। झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, बिहार और अन्य राज्यों में भी आतंक के नेटवर्क का विस्तार कर रखा था। 150 से भी अधिक आपराधिक वारदातों में अमन का नाम आया था। इसके बारे में चर्चा थी वह लॉरेंस विश्नोई को गुर्गों की सप्लाई करता था और सहयोग में उसे मिलते थे नए-नए ऑटोमेटिक हथियार। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को कहा था कि तीन गैंगस्टर विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और अमन साहू जेलों के अंदर से आपराधिक साजिशों को अंजाम दे रहे हैं। सिमडेगा और हजारीबाग जेलों में छापेमारी की गई थी । सूचना मिली कि गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से पूछताछ के लिए ट्रांज़िट पर रांची जिस गाड़ी से ला रही थी उस पर बम से हमला हुआ और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई और इसके बाद वह एसटीएफ के जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने लगा, पुलिस पर फायरिंग भी की । पुलिस की जवाबी फायरिंग में अमन साहू को कई गोलियां लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उस पर रायपुर में रंगदारी के दो मामले दर्ज थे और पिछले साढ़े तीन महीने से रायपुर जेल में था। जहां 40 पुलिसकर्मियों की टीम अमन साहू को झारखंड से प्रोडक्शन वारंट पर 14 अक्टूबर को रायपुर लेकर गई थी। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को उचित ठहराते हुए राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा है कि अगर किसी अपराधी का मनोबल इतना बढ़ जाए कि वह राज्य की पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बन जाए तो निश्चित रूप से उसका यही हश्र होना चाहिए। मंगलवार को झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए झारखंड के नगर विकास, उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य में हर हाल में कानून का ही राज चलेगा। मंत्री ने कहा कि यह घटना निश्चित रूप से राज्य में आपराधिक चरित्र के तमाम लोगों को संदेश है कि अगर कोई कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, तो राज्य सरकार उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। झामुमो के वरिष्ठ विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी गैंगस्टर अमन साहू के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को सही ठहराया है। हेमंत सरकार ऐसे लोगों का खात्मा कर रही है तो यह बड़ी बात है। आज तक तो योगी ने ही ऐसा किया था। अब झारखंड में भी यही होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि हमारा मॉडल योगी वाला नहीं, बल्कि अपना है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे उचित बताते हुए शेष दो अपराधियों पर भी कार्रवाई की मांग की । बरकट्ठा के भाजपा विधायक अमित यादव ने भी मुठभेड़ को सही कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सही हुआ है झारखंड पुलिस के इस कदम की सराहना करते हैं। जो जैसा करेगा, उसके साथ वैसा ही सलूक होना चाहिए। पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा जो जैसा करता है वैसा भरता है पर योगी जी को बदनाम न करें । बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी हैं। हमारे विधानसभा क्षेत्र में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या कर दी गई। यह सरकार अपराध रोकने में विफल है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सीबीआई जांच की मांग की और इसे डीजीएम हत्या का सच छिपाने का षड्यंत्र बताया । निष्कर्षतः कहा जा सकता कि समाज को प्रयास करना चाहिए कि एनकाउंटर की स्थिति आने से पहले वैधानिक तंत्र से अपराध पर रोक लग जाए।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## एक नजर

### 4 अप्रैल को शहीद दिलीप बेदिया का शहादत दिवस मनाया जाएगा

**मुरी।** शहिद दिलीप बेदिया चौक गेरेवीड़ में 4 अप्रैल को शहीद दिलीप बेदिया का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कमेटी द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं लिखित प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन कुसुमटिकरा स्कूल मैदान में 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक एवं लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 8:30 बजे से 10:30 बजे तक किया जाएगा। लिखित परीक्षा में कमेटी द्वारा रजिस्ट्रेशन फीस 20 निर्धारित किया गया है। भारतीय सेना के तर्ज पर एवं नवोदय विद्यालय के तर्ज पर भी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा साथ ही पुरुष के लिए 5 किलोमीटर तथा महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर का मैराथन दौड़ भी आयोजित होगा जिसमें रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रखा गया है।

### अमन साहु का संबंध बुढ़मू से भी रहा है

**बुढ़मू।** पुलिस एनकाउंटर में मारा गया अपराधी अमन साव का आरंभिक जीवन पतरातू में बिता. अमन साव के पिता निरंजन साव पतरातू में दुकान करते थे. इंटर तक पढ़े अमन की शिक्षा पतरातू से ही हुई अमन के दादाजी हरिदास साव मतवे में खेती-बाड़ी करते थे. एक भाई सर्विस करता है और एक भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है. अमन साव इंटर करने के बाद पतरातु में मोबाइल दुकान खोला. मोबाइल दुकान खोलने के बाद दुकानदारी के दौरान अमन साव सुशील श्रीवास्तव गिरोह के संपर्क में और सुशील श्रीवास्तव गिरोह के लिए काम करने लगा. कुछ दिनों में क्षेत्र में अपना पकड़ बना लिया और गिरोह से अलग होकर काम करने लगा. इसके बाद सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह की दबिश बढ़ने पर अमन पूरे परिवार के साथ मतवे आ गया. मतवे में अमन के पिता ने किराने की दुकान खोल ली.

### ठाकुरगांव थाना परिसर में होली को लेकर शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**ठाकुरगांव।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने किया।बैठक में होली पर्व शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई, और विचार विमर्श किया गया। साथ ही शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में होली पर्व से संबंधित जानकारी और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक में ठाकुर गांव थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि पर्व के दौरान डीजे साउंड नहीं बजाए, उन्होंने कहा कि डीजे बजाना प्रतिबंध है। साथ ही कहा कि शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व भाई चारे के साथ मिलजुल कर मनाए, अश्लिल गाना नही बजाय।

---

हवन कुंड में आहूति के साथ प्राण प्रतिष्ठा व शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

## नौ कन्या पूजन व अग्नि कुंड में आहूति और प्रसाद का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो में ग्यारह दिनों तक चलने वाली श्री दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह शतचंडी महायज्ञ यज्ञशाला में हवन पूजन, नौ कन्या पूजन एवं पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। 12 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का भी समापन किया गया। इस मौके पर मंगलवार को ऊं आग्नेय नमः स्वाहा ... ॐ गणेशाय नमः स्वाहा, ओम देवी दुर्गाय नमः स्वाहा, ओम नवग्रहाय नमः स्वाहा, कुल देवताय नमः स्वाहा जैसे मंत्रोंच्चार के बीच हवन कुंड में हजारों लोगों ने घी के साथ तिल-चावल-जौ की आहूति दी। मंदिर में मां की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन पुजारियों के नेतृत्व में यजमानों क्रमशः गायत्री देवी-मोहन सोनी, लखी रॉय-साधन कुमार रॉय, भारती देवी-मोतीलाल गुप्ता, सुलेखा देवी-योगेन्द्र महतो, सारिका देवी-परना महतो, मनीता देवी-संजीत कुमार साहु, मीना देवी-उमेश मेहता, अनिता देवी-राजेन्द्र साहु, संगीता देवी- सुदामा वर्मा ने कई धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। यजमानों के माध्यम से यज्ञ शाला में अंतिम दिन धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जहां अनुष्ठान के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पाण्डेय, काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा, केके आंचल पाठक, अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा, आचार्य सोनू पाण्डेय व जितेंद्र पाठक के अगुवाई में कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य पुजारी अशोक पंडा, आचार्य सोनू पंडा, आलोक देवघरिया, मनोरंजन देवघरिया, पार्थो प्रतीम दास, सतवीर लाल खन्ना सहित दर्जनों लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

अभाविप डीएसपीएमयू इकाई ने मनाया रंग उत्सव

## रितेश पांडे के संग होली के रंग में डूबा शहर रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई ने होली मिलन समारोह रंगोत्सव-2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक रितेश पांडे और लोकप्रिय नागपुरी गायक नितेश कच्छप सहित कई स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक होली गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, रितेश पांडे, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य सहित कई गणमान्य जनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। अपने प्रस्तुति के दौरान रितेश पांडे ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के किसी भी कार्यक्रम में आना अपने घर लौटने जैसा लगता है। रांची आकर इतनी बड़ी विद्यार्थी समूह के सामने कार्यक्रम में सारिक होकर ऐसा लग रहा है यह हमारे जीवन का सबसे अलग अनुभव है जो मैं इस रंग उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच महसूस कर रहा हूं।

---

## न्यूज | बॉक्स

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार होली के शुभ अवसर पर फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के अध्यक्ष छवि सिन्हा, महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस फूड फेस्टिवल में अनेक फूड स्टॉल लगाये गये जिसमें मडुवा वरफी, मडुवा लडूडू, मिल्क शेक, एपे, इटली, डोसा भेलपुरी, फूचका, रसमलाई, जैसे अनेकों व्यंजन के स्टौल थे। महाविद्यालय के सचिव ने कहा कि महाविद्यालय गुणवणतापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी एक प्लेटफार्म देने का प्रयास सदैव करता रहा है। महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या ने कहा कि महाविद्यालय में नामांकित बच्चे भले ही ग्रामीण क्षेत्र से आये हो परन्तु उनके द्वारा बनाये गये व्यंजन अपने आप में लाजवाब है। कार्यक्रम में बी॰एड॰ के एच॰ ओ॰ डी॰ राकेश कुमार राय, आई॰क्यू॰ ए॰सी॰ कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, रिभा कुमारी, विवेक राज जायसवाल, अमित कुमार, जलीस अहमद, शिव्या सक्सेना, कार्यालय अध्यक्ष एस०एन० सहाय कर्मचारी तुलसी दास, चंदन कुमार, सलमान, इमरोज आदि उपस्थित थे।

### पीएलएफआई का हार्डकोर उग्रवादी दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी गिरफ्तार



**बेड़ो/ रांची।** पीएलएफआई के जोनल कमांडर हार्डकोर उग्रवादी दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी को गुमला पुलिस ने धर दबोचा है। दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी आत्मसमर्पण की तैयारी कर रहा था। खूंटी पुलिस इसके लिए प्रयासरत थी वहीं रांची पुलिस को भी भरोसा था कि दुर्गा सिंह बहुत जल्द आत्म समर्पण कर देगा। जब तक ऐसा कुछ होता गुमला पुलिस ने ओरमांझी के इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं। लेकिन पारिवारिक सूत्रों के अनुसार गुमला पुलिस ने दुर्गा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्गा सिंह मार्टिन केरकेट्टा के बाद पीएलएफआई में सेकंड कमांडर बताया जा रहा था। उधर पुलिस की कार्रवाई से परिवार के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार जब दुर्गा सिंह खुद आत्मसमर्पण करने वाला था ऐसे समय में पुलिस के द्वारा जानबूझकर गिरफ्तार करना गलत है। उसे आत्मसमर्पण करने का मौका मिलना चाहिए था। बताया जा रहा था कि दुर्गा सिंह मुख्य धारा से जुड़ना चाहता था। वहीं दूसरी ओर पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं होने से असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उल्लेखनीय है कि दुर्गा सिंह के घर पर पिछले तीन जनवरी को लापुंग पुलिस ने इश्तेहार चिपकाकर 1 महीने के अंदर सरेंडर करने की चेतावनी दी थी।

### होली का त्योहार आपसी भाईचारे और उमंग के साथ मनाएं : मोदस्सिर हक



**बेड़।** नरकोपी थाना परिसर में मंगलवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी नागेश्वर साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगो उत्सव होली का पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और उमंग के साथ मनाएं किसी प्रकार के हुड़दंग से बच्चे और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस प्रशासन को जरूर दें। वहीं थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कहा कि होली के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सजग है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। होली में शांति व्यवस्था बनाए रखें पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उसमें सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि वाहन चालक कागजात अपने साथ रखें और दुपहिया वाहन हेलमेट का उपयोग जरूर करें। शांति समिति की बैठक के मौके पर बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम, मुखिया गंगी कुमारी, चीना, बबलू अंसारी, पंचायत समिति सदस्य एवं सभी जाति धर्म के सामाजिक कार्यकर्ता गण एवं शांति समिति के सदस्य मौके पर मौजूद थे।

---

### हरमू यूथ ने 5 विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम में हरमू यूथ बनाम जस्टिस सीसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जस्टिस सीसी ने 39.5 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाया। विवेक ने 63, जयंत ने 39, मंटू ने 22, रितेश ने 20 व निशांत ने 12 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरे रौशन ने 42 रन रन देकर 3 विकेट, सूरज ने 34 रन देकर 2 विकेट, कृष्णा ने 31 रन देकर 2 विकेट, विवेक ने 6 रन देकर 2 विकेट, शब्बीर ने 6 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ ने 39.1 ओवर में पांच विकेट खोकर 203 रन बनाया। विवेक ने 61, सचिन ने 55, प्रिंस ने 40 व आर्यन ने 12 रन बनाया। गेंदबाजी करने उतरी सत्यम ने 46 रन देकर 2 विकेट, विवेक ने 42 रन देकर 1 विकेट, प्रभजोत ने 29 रन देकर 1 विकेट लिया।

## महिला पतंजलि व बरनवाल महिला समिति ने मनाया महिला दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला पतंजलि और बरनवाल महिला समिति के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता को माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सामूहिक आरती कर की गई। उसके बाद गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और गणेश वंदना हुई। अध्यक्ष वीणा बरनवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया। वहीं कहा कि हमारी हिंदू बहन, बेटियां एकजुट हों, सुरक्षित हों एक दूसरे को समझें और अपने अधिकार और कर्तव्य का इन्हें ज्ञान हो। रंजना ने सभी को योग से जुड़कर स्वस्थ रहने की जीवन शैली पर चर्चा की। विविध मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गान, महिला दिवस पर नाटक, योग नृत्य और खेल प्रतियोगिता से सभी को बांधे रखा। मंच संचालन खुशबू बरनवाल और सत्या कंचन ने महिला दिवस पर अपनी कविताओं से किया। अच्छे कार्यक्रम करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने के लिए महामंत्री पुर्णिमा प्रसाद, मधु बरनवाल, संगठन प्रभारी चैताली मजुमदार, पुनम अग्रवाल, शोभा बरनवाल, सिंधु बरनवाल, कंचन बरनवाल, सांस्कृतिक प्रभारी पुजा और रूपा सहित सैकड़ों बहनों के विशेष योगदान और उपस्थिति रही और सभी बहनों ने विशेष उपहार और दक्षिण भारतीय व्यंजन का आनंद लिया।

### बरनवाल सेवा ट्रस्ट का होली मिलन समारोह का हुआ समापन



**रांची।** बरनवाल सेवा ट्रस्ट रांची के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन स्वयंवर वाटिका कोकर में आयोजित किया गया। समारोह में अध्यक्ष डॉ. टीपी बरनवाल के अतिरिक्त अरविंद कुमार, मनोज कुमार, मोती लाल, पवन कुमार बरनवाल, अजित कुमार, उमेश कुमार, अनुज कुमार, अनिल कुमार के साथ लगभग 200 पुरुष, महिला एवं बच्चे उपस्थित हुए। महिलाओं में ईरा बरनवाल, रितु बरनवाल, मीरा बरनवाल, खुशबू बरनवाल एवं बरनवाल समाज की अन्य महिलाएं उपस्थित थी। समारोह का आरम्भ महाराजा अहिबरन जी के माल्यार्पण से हुआ। मनोरंजक कार्यक्रम के साथ लोगों ने लजीज व्यंजन का आनंद उठाया। होली गीतों पर लोग झूमते रहें। अंत में सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर अभिवादन किया।

---

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गो सेवा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमू रोड गौशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गो सेवा करवाई गईं। रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हर एकादशी निरंतर गो सेवा किया जा रहा है। यह सेवा आशा संथालिया की तरफ से कराई गई। गो माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गो सेवा में गो माता को हरी सब्जी, मूली, गाजर, पत्तागोभी, धनिया एवं अन्य सामाग्री खिलाई गई। गो सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गो सेवा की सारी तैयारियां सुचारू रूप से की। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल,आशा संथाली, डॉली बंसल, सोनल अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## हिंदी भारत मां की बिंदी है : डॉ जेबी पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहीद शेख भिखारी कालेज आफ एजुकेशन रांची के तत्वावधान में राष्ट्रीय -अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा विपिन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है।जिसे अपनी मातृ-भाषा,माता और मातृभूमि से प्रेम नहीं है,उसका भविष्य उज्जवल नहीं है। हिंदी अब केवल राष्ट्रीय क्षितिज पर ही नहीं, अपितु विश्व पटल पर अपना परचम फहरा रही है। विश्व के अनेक देश हिंदी को अपनाने के लिए लालायित हैं। हिंदी विश्व की तीसरी बड़ी भाषा है। वह दिन दूर नहीं जब यह संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनेगी।हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हो चुके हैं। वाई बी एन विश्वविद्यालय रांची के अध्यक्ष डॉ राम जी यादव ने कहा कि हमें अपनी हिंदी पर नाज और ताज है। विश्व हिंदी परिषद दिल्ली हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए कृत संकल्पित है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डा वासुदेव प्रसाद ने कहा कि हिंदी में काम करना गौरव की बात है। हिंदी सरल और सहज भाषा है।इसे अपना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, अपितु यह हमारी अस्मिता का बोधक है। हिंदी भारत मां की बिंदी है। इस अवसर पर प्रदीप सिंह,अनुपम मिंज, डा अभिषेक नाग,अजय गोस्वामी,रौशन बेगम आदि ने भी हिंदी के पक्ष में अपने उद्गार व्यक्त किए और कहा कि हमारे देश की अधिकांश जनता हिंदी बोलती,लिखती और समझती है, जो बतलाता है कि हिंदी भाषा अपनी एक मजबूत पहचान रखती है। संगोष्ठी में कालेज के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं बी एड विभाग के सत्र 23-25 और 2024 26 के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

---

राष्ट्र धर्म रक्षा मंच ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

## होली में हुड़दंग मचाने वालों पर की कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्र धर्म रक्षा मंच का एक प्रतिनिधिमंडल संयोजक अमृतेश पाठक के नेतृत्व में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के नाम एक पत्र सौंपा। पत्र में आने वाले होली के त्योहार में अश्लील गाने बजाने और नाचने तथा शराब पीकर तेज रफ्तार गाड़ी चलाने हुड़दंग मचाने जैसी घटनाओं पर रोक लगाने तथा कठोर कानूनी कार्रवाई को लेकर दिशा निर्देश जारी करने के संदर्भ आग्रह किया गया है। अमृतेश पाठक ने कहा कि 14 मार्च को रंग, प्रेम और उल्लास का पर्व होली मनाया जाएगा। सभ्य समाज में पर्व त्यौहार देवी-देवताओं का पूजन हमेशा से एक भाव और सलीका का विषय रहा है। वर्तमान समय में अश्लील द्विअर्थी गानों की धुन पर अश्लील नाच से महिलाओं के गरिमा और बच्चों के मनोवृत्ति पर गहरा उल्टा प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा और महसूस किया जा सकता है। ऐसी ही परिस्थितियों को देखते हुए हाल के दिनों में बिहार सरकार ने एक कठोर सरकारी आदेश भी जारी किया है। इस प्रकार के आदेश और उस आदेश के कठोर पालन से जनता का सरकार, पुलिस और प्रशासन के प्रति विश्वास और खुद के सुरक्षित होने का एहसास होता है।

### होली पर्व को लेकर सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**सिल्ली।** मंगलवार के दिन सिल्ली थाना परिसर में संध्या 5 बजे से होली पर्व के साथ आगामी सरहुल और ईद त्योहार को लेकर सिल्ली थाना और मुरी ओपी के संयुक्त तत्वाधान में शांति समिति की बैठक का आयोजन सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक को रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, जिला परिषद सदस्य पूर्वी के प्रतिनिधि डॉक्टर अखिल महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारियों को अपनी अपनी सुझाव भी दिए।बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक हंसे उराव ने लोगों से अपील किया कि होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का पर्व है इसे आपसी भाईचारे एवं शांति पूर्ण तरीके से मनाये। बैठक में बाजार की समस्याओं पर चर्चा की गई और थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि उर्दडियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।

खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि का निधन, शोक

## आज दामोदर तट पर होगा अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि (58 वर्ष) का मंगलवार को रांची के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। सोमवार तड़के खलारी पत्रकार कालोनी स्थित उनके आवास पर ब्रेन स्ट्रोक के बाद गंभीर स्थिति में इलाज के लिए उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। चिकित्सकों ने अपराह्न 4:13 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे पिछले पांच साल से बीमार चल थे। दोनों किडनी फेलियर होने के कारण सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस हो रहा था। उन्होनें वर्ष 1988 में रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ उसी वर्ष से 2000 तक प्रभात खबर के लिए काम किया। उसके बाद से हिन्दुस्तान अखबार में थे। उन्होंने एएनआई के लिए भी काम किया। कोयला क्षेत्र में नक्सली और अपराधिक गतिविधियों पर उनकी मजबूत पकड़ थी। अपने पत्रकारिता के माध्यम से खलारी कोयलांचल के विकास में उन्होंने बड़ा योगदान दिया। अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे कोयला क्षेत्र में शोक की लहर है। विभिन्न राजनीतिक दलों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।बुधवार सुबह उनके आवास पर अंतिम दर्शन के बाद दिन में खलारी के दामोदर तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### जंगली भालू के हमले से व्यक्ति घायल



**अड़की।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोसोकुटी पंचायत के जोरको गांव में एक जंगली भालू ने 48 वर्षीय ग्रामीण गौर सिंह मुंडा पर हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के अनुसार, गौर सिंह मुंडा मंगलवार की सुबह जलावन की लकड़ी लेने के लिए गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर तेलासेरेंग जंगल गए थे। तभी अचानक एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया। गौर सिंह मुंडा ने हिम्मत दिखाते हुए अपने दोनों हाथों से भालू का मुकाबला किया, लेकिन भालू ने उनके हाथों को मुंह से दबाया, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। घायल होने के बाद गौर सिंह मुंडा किसी तरह दौड़कर अपने घर पहुंचे और परिवारवालों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है।

अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का होली मिलन समारोह

## रंगों और हंसी-खुशी का त्योहार है होली: भरत चन्द्र महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में मंगलवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यू बार भवन के प्रथम तल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने एक दूसरे पर अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने उपस्थित अधिवक्ताओं को अबीर लगाकर एवं अंग वस्त्र देकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं कहा कि होली रंगों और हंसी खुशी का त्योहार है। होली आपसी भाईचारा और प्रेम को प्रगाढ करता है। होली पर जो रंग हम एक दूसरे को लगाते हैं उससे आपसी प्रेम प्रगाढ होता है। इस अवसर पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, विजय कुमार कोईरी, जीतेन्द्र प्रसाद,निरंजन राम, विजय कुमार गुप्ता, अंजु कुमारी, डोली, सुजाता, ब्रजेन्द्र नाथ महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### बड़काचुंबा पंचायत सचिवालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** गिद्दी, निज प्रतिनिधि। बड़काचुंबा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पंचायत वासियों को आपसी सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाने की अपील किया। समारोह में शामिल लोगों ने एक दूसरे के गालों में गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दिया। इसके बाद सभी साथ मिलकर पुआ पकवान खाया और खुशी मनाया। समारोह में मुखिया राजेंद्र प्रसाद, ललीता देवी, पंचायत के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष शामिल हुए।

### अभद्रता के खिलाफ महिला थाना में शिकायत

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के जेएसएलपीएस गिद्दी सी कलस्टर में आईपीआरपी पद पर कार्यरत महिला रानी सिंह ने बीपीएम सुधीर कुमार गुप्ता पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाई है। इस संबंध में रानी सिंह ने महिला थाना हजारीबाग में लिखित शिकयत कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। रानी सिंह ने लिखित शिकायत में कही है कि बीपीएम सुधीर कुमार गुप्ता डाड़ी प्रखंड के बीएमएमयू कार्यालय में पिछले वर्ष फरवरी में योगदान दिए हैं। इसके बाद पिछले 4 महीना से वे उसे प्रताड़ित करते हैं। कार्यालय में बुला कर हाथ पकड़ कर बाहर करना, अभद्र भाषा का प्रयोग करना, अभद्र व्यवहार करना इत्यादी जैसे गर्दन नाप देंगे, बाहर निकलो बेशर्म कहीं की और बेहुदा जैसे भाषा का प्रयोग करते हैं। रानी सिंह ने लिखित में कही है कि बीपीएम इस तरह का व्यवहार अन्य महिलाओं के साथ भी किया है।

### सीएमडब्लूयू ने 5 सूत्री मांग को लेकर पीओ से वार्ता किया

**गिद्दी।** सीएमडब्लूयू का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार कां 5 सूत्री मांग को लेकर रेलीगढ़ा पीओ से वार्ता किया। जिसमें 11 दिनों का बकाया राशि का भुगतान करने सहित 5 सूत्री मांग पर वार्ता हुई। जिस पर रेलीगढ़ा पीओ ने सार्थक पहल करने का आश्वसन दिया। इसके बाद यूनियन के पीओ कार्यालय समक्ष 19 मार्च को घोषित धरना स्थगित कर दिया गया है। वार्ता के बाद यूनियन के रेलीगढ़ा सचिव महादेव मांझी ने बताया वार्ता में पीओ के दिए आश्वासन के अनुसार उनका मांग पूरा नहीं किया जाएगा तो वे आंदोलन जारी रखेंगे। वार्ता में पीओ एएन सिंह, यूनियन के बैजनाथ मिस्त्री, महादेव मांझी, शौकत अली खान, रासो सिंह, सुबोध नायक, शकील अहमद, मोहना बेदिया उपस्थित थे।

---

पत्रकारों के होली मिलन समारोह में सद्भावना व एकता की दिखी मिसाल, उड़े गुलाल

# अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने भी लिया हिस्सा, देर संध्या तक चले कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में अनुमंडल के पत्रकार साथियों की ओर से भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे बरही, पदमा, चौपारण और बटकठ्ठा के दर्जनों पत्रकार सहित प्रखंड के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजन शामिल हुए. कार्यक्रम पूर्वाह्न 12 बजे चौपारण के स्मृतिशेष पत्रकार डी मुन्ना की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि से प्रारंभ हुआ. जो देर शाम तक जोगीरा और फगुआ गीत के साथ संपन्न हुआ. इस दौरान पत्रकारों और अतिथियों ने फगुआ गीत पर जमकर गुलाल उड़ाए और होली के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम में एकता और सद्भावना की मिशाल दिखी. सभी एक दूसरे के गिले शिकवे भूलकर गले मिले और बढ़ता बरही और बदलता बरही के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में कीर्तन मंडली और पत्रकारों की होली गीत कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया. उपस्थित लोग फगुआ गीत पर थिरकने और गुनगुनाने के लिए मजबूर हो गए. कार्यक्रम में कोबरा 203 के डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, कोबरा सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया मंगलदेव यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया गोविंद साव, मुखिया मनोज कुमार, वरिष्ठ पेशनर्स राजेंद्र रुखरियार, कामेश्वर सिंह, महेंद्र दुबे, पदमा और बरकट्ठा के कई पत्रकार सहित सैकड़ो समाजसेवी व प्रबुद्ध जन शामिल हुए. कार्यक्रम सफल बनाने में जावेद इस्लाम, दयानंद चौरसिया, रितेश कुमार, धनंजय कुमार, पंकज कुमार, सुरेंद्र निषाद, जयदीप कुमार सिन्हा आदि सहित दर्जनों पत्रकार ने महती भूमिका निभाई.

# राशन उठाव के लिए 30 मार्च तक ई-केवाईसी कराने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख धर्मवीर महतो,सभी मुखिया गण, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के डीलर उपस्थित थे। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि राशन वितरण प्रणाली को सुचारू बनाने एवं पात्र लाभार्थियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही पीडीएस डीलरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और उन्हें ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहायता करें। बैठक में खाद्य आपूर्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा राशन कार्ड धारकों के ई-केवाईसी को लेकर विशेष चर्चा हुई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड धारकों को 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी कराना होगा, अन्यथा उन्हें आगे राशन मिलने में परेशानी हो सकती है।

## न्यूज बॉक्स

### पीने के पानी की बर्बादी रोके नगर निगम नहीं तो होगा आंदोलन : सीटू

**हजारीबाग।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सी पी आई एम) के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने नगर निगम, हजारीबाग के नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मांग किया है, कि इंद्रपुरी चौक और मेंन रोड टावर नंबर 1 के पास छडवा डैम से सप्लाई होने वाली पानी का पाइप गंभीर रूप से लिक कर गया है, जिससे हजारों लीटर स्वच्छ पीने का पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। धीरे-धीरे गर्मी भी बढ़ती जा रही है जिससे लोगों के लिए पीने का पानी मुश्किल होता जा रहा है। लोग इधर-उधर पानी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इंद्रपुरी चौक के पास मोटी वाली पाइप चार दिन पहले लिक की है, जिससे मेंन रोड, टावर नंबर एक के पास एक माह से अधिक से पाइप लीक है। सुबह जब शहर में पानी का सप्लाई किया जाता है, उस वक्त दोनों जगह से काफी मात्रा में पानी लीक हो कर के बर्बाद हो जाता है। पूरे शहर को पानी सप्लाई करने के लिए मात्र एक डैम है छड़वा डैम और अब गर्मी आ रहा है ,जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी छड़वा डैम का जलस्तर लगातार नीचे गिरता जाएगा और ऐसे समय में स्वच्छ पीने का पानी को बचाने के बजाय बर्बाद करना जघन्य अपराध है। इसकी मौखिक सूचना कई बार विभाग को दिया गया, जब ठीक नहीं हुआ तो नगर आयुक्त को पत्र लिखा गया है। सीटू और पार्टी जिला कमिटी सदस्य तपेश्वर राम भुइया, इश्वर महतो, सुरेश कुमार दास ने कहा है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई नहीं होती है तो पानी के बर्बादी के खिलाफ पार्टी जिला कमेटी संघर्ष करेगी।

### भाजपा कार्यालय सह विधायक आवास में होली मिलन कार्यक्रम आज



**बरकट्ठा।** भाजपा आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी भाजपा विधायक अमित कुमार यादव ने दी। श्री विधायक ने विधानसभा क्षेत्र वासियों के कार्यकर्ता और अधिक से अधिक लोगों को आने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है । इस निमित्त इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ाने का पर्व है।

### सौन्डिक समाज का होली मिलन समारोह का शिव मंदिर प्रांगण में हुआ समापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड स्तरीय सौन्डिक समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन बरवां शिव मंदिर प्रांगण में किया गया।जिसकी अध्यक्षता रघुवीर प्रसाद व संचालन रीतलाल प्रसाद ने की। बैठक मुख्य रूप से होली मिलन समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने सभी स्वजातीय बंधुओं को होली की बधाई एवं शुभकामना दी। वहीं उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द और शांतिपूर्वक होली मनाने का निर्णय लिया । बैठक में मुख्य रूप से दिनेश मुखिया, कमलेश कुमार, चिरंजीवी प्रसाद,प्रसाद ,संतोष कुमार देव ,छोटी लाल प्रसाद,जोधन महतो, दिलीप प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, राजकुमार प्रसाद,भगलदेव मंडल, कामेश्वर मंडल, किशोर प्रसाद,हारू प्रसाद, नारायण प्रसाद, शंकर प्रसाद अनिल प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार नरेश कुमार,कारू प्रसाद, टहल महतो, रंजीत कुमार, बिनोद प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, प्रयाग प्रसाद, प्रेम प्रसाद समेत सैकड़ों सौन्डिक लोगों ने भाग लिया।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**हजारीबाग।** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी में डी.फार्मा और बी.फार्मा के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं और पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी छात्रों के लिए विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं। कॉलेज के प्राचार्य और विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएँ दीं और सभी से सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारे और प्रेम के संदेश को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

---

### मसालों में मिलावट, सेहत और स्वाद से खिलवाड़

**रामगढ़।** होली में मांसाहारी एवं शाकाहारी खानों पर सबसे ज्यादा जोर रहता है। इसी का फायदा मसाले के धंधेबाज उठाते हैं। मिलावट के साथ घटिया मसाले खपाने का इसे वह उचित समय समझते हैं। इसलिए मसालों में मिलावट कर अधिक मुनाफा कमाने का प्रयास करते है। मिलावट मशाला मनुष्य के शरीर में कुप्रभाव डालता है। इससे ना-ना प्रकार के रोग हो जाते है। खुला मशाला में मिलावट की गुंजाइस अधिक होती है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नमक, मिर्च, हल्दी-धनिया ही नहीं जीरा-सौंफ और राई तक में मिलावट किए जाने का समाचार मिलता रहता है। नकली मसालों की मंडी झारखण्ड के कई जिले बन चुके है। यहां हर दिन सैकड़ों क्विंटल मिलावटी मसाले तैयार होते हैं और फिर इन्हें बिक्री के लिए आसपास भेज दिया जाता है। आम उपभोक्ता क्या मालूम कि मशाला में व्यापक पैमाने पर मिलावट की गई है। लोग मशाला खरीदकर अपने घर ले जाते है और खाना बनानेवाले से कहते है कि तुम्हे खाना बनाना नहीं आता है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक

# पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला टेलीकॉम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संचार मीनारों के अधिष्ठापन के लिए जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति से मोबइलटावर. झारखंड. गोव.इन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति लेना जरूरी है। बैठक के दौरान जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज के द्वारा पोर्टल पर आए मामलों के संबंध में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल के माध्यम से आवेदनों की जांच करने एवं स्वीकृति देने के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा समिति के सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों पर चर्चा के उपरांत 1 मोबाइल टॉवर को सभी कागजात पूर्ण होने के उपरांत स्वीकृति दी गई साथ ही अन्य आवेदनों पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

### गायत्री परिवार ने कराया सामूहिक पुंसवन संस्कार

**रामगढ़।** कांकेबार के शिव मंदिर में गायत्री परिवार के सदस्यों ने सामूहिक पुंसवन संस्कार संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवंदना अपनी राह चलालो गुरुवर गीत से हुई। इसके उपरांत रेखा देवी ने गर्भवती महिलाओं को पुंसवन संस्कार के महत्व को बताया। उन्होंने बताय कि गर्भधारण करने से तीन माह बाद शिशु का दिमाग विकसित होना शुरू हो जाता है। इस समय पुंसवन संस्कार के जरिए शिशु में संस्कारों की नींव रखी जाती है। भारतीय संस्कारों में 16 संस्कार बताए गए हैं। जिनका अपना काल चक्र अनुसार अलग अलग महत्व है। इस संस्कार से माता अपनी संतान को गुणवान, संस्कारवान, सतचरित्रवान, राष्ट्रभक्त गर्भावस्था से ही बनाना प्रारंभ करती है। इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ घाटो के शांतनू तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण पूर्वक संस्कार का क्रम संपन्न कराया। अंत में गर्भवती माताओं ने गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र के बीच आहुतियां दी।

---

इनरव्हील क्लब ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** इनरव्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा मंगलवार को पटेल चौक स्थित होटल सैनी के सभागार में होली मिलन का आयोजन बड़ी सुंदर एवं पारंपरिक तरीके से किया गया। मौके पर क्लब के सदस्यों ने कहा की होली का त्योहार आपसी मेलजोल को बढ़ाता है एवं गले शिकवे को दूर करता है। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सेह कई प्रकार के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया। सदस्यों ने होली के गीत गाकर एक दूसरे पर गुलाल लगाया । साथ ही कई प्रकार के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समारोह में क्लब की अध्यक्षा पिंकी पोद्दार ने कहा- ''प्यार के रंग से भरो पिचकारी, स्नेह के रंग से रंग दो दुनिया सारी, ये रंग न जाने न कोई जात न बोली, सबको हो मुबारक हैप्पी होली! होली की शुभकामनाएं!'' नई मेंबर गुरबक्श सैनी को इनरव्हील का पिन लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर पिंकी पोद्दार,नवालजीत कौर, प्रियंका जैन, मनबीर कौर, रंजू अरोड़ा, मेघा बगड़िया,नमिता श्रॉफ, रेनू मेवाड़, सुनीता अरोड़ा, मीणा वडेरा,जसमीत कौर, ममता वसंत,राजेंद्र कौर,उर्मिला बगड़िया आदि लोग मौजूद रहे थे।

युवा साथी झारखंड ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

# होली सामाजिक समरसता और एकजुटता को बढ़ावा देता है: विकास



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** युवा साथी झारखंड संस्था की ओर से होली मिलन समारोह मनाया गया. इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी. अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है. जो प्रेम एवं सद्भावना का संदेश देता है. होली रंगों की तरह आपस में मिल कर रहने का संदेश देता है. इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने पारंपरिक पकवान का आनंद लिया. कार्यक्रम के अंत में लोगो ने शांति और सद्भावना का संदेश देते हुए रंगो का त्योहार मनाने का अपील किया. कार्यक्रम में आशीष यादव, विकास यादव, परमेश्वर यादव, संदीप राणा, सतीश गुप्ता, पंकज पासवान, राजेश कुमार, अनिल सिंह, रवि यादव, बिट्टू यादव, रोशन रजक, दीपेश कुमार, गौतम कुमार, चंदन यादव, शंकर गुप्ता, अभिषेक कुमार, विजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

---

सांसद के मेडिकल कॉलेज अस्पताल निरीक्षण का दिखा असर

# विधानसभा में अस्पताल की कुव्यवस्था पर उठाए थे कई सवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सांसद मनीष जायसवाल ने बीते शुक्रवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था और अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति, उपाधीक्षक डॉ. ए.के. सिंह से मिलकर अस्पताल की कुव्यवस्था पर कई सवाल खड़े किए थे और अस्पताल के अन्य मामलों पर गंभीरता से सवाल उठा और इस पर लिखित जवाब मांगा। जरूरतमंद मरीजों के हितार्थ जमीनी हकीकत से रूबरू कराते सांसद मनीष जायसवाल के इन सवालों के उठाए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन और यहां के कर्मियों में हड़कंप मच गया। सांसद मनीष जायसवाल ने जरूरतमंद मरीजों के हित में सक्रियता और सजगता का प्रतिफल हुआ की उनके अस्पताल निरीक्षण के कुछ ही घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और तत्काल उन्हें लिखित जवाब भेजा साथ ही उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पहल करते हुए सुधार की गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक ने सांसद मनीष जायसवाल को जो लिखित जवाब दिया, उसमें बताया गया कि रविवार को क्लीनिकल पैथोलॉजी में जांच सुचारू करने का निर्देश दे दिया गया है। बेड़शीट, कम्बल, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर सहित अन्य मरीजों के जरूरत के समान में कोई राशि या सामान सिक्योरिटी के रूप में जमा नहीं लेने का निर्देश दे दिया गया है। लेबर रूम सहित अन्य वार्डों में कैथेटर लगाने या ड्रेसिंग करने सहित अन्य जरूरी इलाज सेवा में किसी प्रकार की मनमानी नहीं करने का निर्देश कर्मियों से दिया गया है ,साथ ही इन मामलों में दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। पोस्टमार्टम हाउस के विभागाध्यक्ष को पोस्टमार्टम का समय करने का निर्देश दिया गया है। ब्लड बैंक का प्लाज्मा सेपरेशन का कार्य शुरू करने की प्रक्रिया की जा रही है। पीएसए ऑक्सीजन प्लांट मरम्मती का कार्य डीएमएफटी हजारीबाग के द्वारा कराया जा रहा है और सभी विभागाध्यक्षों की बैठक कर चिकित्सकों की ड्यूटी ससमय सुनिश्चित कराने की दिशा में सकारात्मक पहल किया गया है।

विनोभावि में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

# खाद्य पदार्थ के प्रसंस्करण के महत्वपूर्ण बारिकियों से कराया गया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झाराखण्ड रांची के निदेर्शानुसार अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ. शशि जयसवाल की अध्यक्षता में फूड फोर्टिफिकेशन का एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, आर्यभट्ट सभागार विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में किया गया। इस कार्यक्रम में जया सिन्हा, एचओडी सीएनडी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय को प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया था उनके द्वारा फूड फोर्टिफिकेशन की महत्ता, प्रसंस्करण आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनोज कुमार निदेशक सीएनडी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसमें

❑कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के द्वारा खाद्य पदार्थ की जरूरत एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया

शिक्षा विभाग से मध्याह्न भोजन के प्रभारी, आंगनबाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ-साथ आपूर्ति विभाग से राईस मिलर एवं पीडीएस डीलर, सीएनडी विभाग के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग के द्वारा खाद्य पदार्थ की जरूरत एवं उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग प्रकाश चन्द्र गुग्गी के द्वारा एफएसएसएआई के महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित पहल जैसे ईट राईट स्कूल, आज से थोड़ा कम तेल चीनी और नमक के साथ खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी साझा की गई।

सरस्वती विद्या मंदिर में इन हाउस प्रशिक्षण का आयोजन

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण आवश्यक : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण (इन हाउस) आयोजन किया गया। जिसका विषय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा(क्वालिटी एजुकेशन) था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना और कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद, रिसोर्स पर्सन डॉ देव नंदन सिंह, प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना एवं राकेश सहाय के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों का सतत प्रशिक्षण आवश्यक है। यह पहल न केवल शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि करेगी, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी सहायक होगी। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक विशेषज्ञ डॉ देव नंदन सिंह ने शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रियाओं और तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से समावेशी शिक्षा, मूल्यांकन आधारित शिक्षण और छात्र-केंद्रित शिक्षण तकनीकों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। प्रशिक्षक ने उन्हें नवाचार आधारित शिक्षा प्रणाली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सिमडेगा उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में समन्वय समिति की बैठक

# विभाग की संचालित योजना एवं कार्यों की विस्तार ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पेयजल आपूर्ति, कल्याण विभाग, मनरेगा, खेल विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ विभाग, पंचायती राज, शिक्षा विभाग अन्य विभाग की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2024-25 की सभी योजनाओं से समन्वय स्थापित कर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बैठक में राजस्व वसूली को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के भेंडर/संवेदक का बैठक कर शत् प्रतिशत टैक्स की राशि जमा कराने की बात कहीं। पेजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रखंडवार वित्तीय वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक का असमायोजित राशि की समीक्षा की। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कैश बुक की जांच कर पैसा खर्च की उपयोगिता प्रमाण पत्र पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय को उपलब्ध करायें। स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत अबुआ आवास योजना के लाभुकों को शौचालय से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।



खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ग्रीन राशन कार्ड के लाभुकों को 15 मार्च तक शत् प्रतिशत अनाज का देने का निर्देश दिया। सोना -सोबरन, धोती-साड़ी योजना का भी शत् प्रतिशत वितरण कराने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया। वहीं जिले के सभी राशनकार्ड धारकों के शत् प्रतिशत लाभुकों का ई- केवाईसी 31 मार्च 2025 सुनिश्चित करें। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर मानव दिवस सृजन को शत् प्रतिशत पूर्ण करने की बात कहीं। मानव दिवस सृजन में बानो, कुरडेग एवं केरसई प्रखंड ने 100% से अधिक की लक्ष्य प्राप्ति किया है। बागवानी योजना के अंतर्गत प्रत्येक योजना में बागवानी सखी को टैग करने की बात कहीं। पंचायती राज विभाग अंतर्गत जिला परिषद, पंचायत समिति, टाइड एवं अनटाइड वह ग्राम पंचायत समिति मद के तहत क्रियान्वित योजना एवं राशि की खर्च की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संचालित योजना को पूर्ण करते हुए राशि का खर्च सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत संचालित मंईयां सम्मान योजना के 11264 लाभुक जिनका की बैंक से आधार कार्ड लिंक नहीं है। लिंक नहीं होने से भुगतान की प्रक्रिया नहीं हो पा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि लाभुकों का यथाशीघ्र आधार कार्ड को बैंक से लिंक करायें। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित मामलें है उसे अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही कुरडेग प्रखंड अंतर्गत रावण खोता पीभीटीजी गांव में नए आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिये। इसके अलावे शिक्षा विभाग की समीक्षा कर बच्चों को मिलने वाली पीएम पोषण योजना का समीक्षा किया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को मेनू के आधार पर एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रतिदिन बच्चों को मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तथा पांच मॉडल स्कूल में विद्युत करण कार्य करने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जेएसएलपीएस की समीक्षा कर उपायुक्त महोदय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुक एवं मानव तस्करी से पीड़ित परिवार को एसएचजी ग्रुप जोड़ विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी

## बस स्टैंड के सामने लगने वाले दुकानों के लिए निश्चित स्थान उपलब्ध कराएं : डीसी

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अवैध अतिक्रमण हटाओ से संबंधित बैठक का आयोजन किया। शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु NH -143 के किनारे एवं बस स्टैंड के सामने लगने वाले दुकानों को एक निश्चित स्थान का चयन कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। तथा चिन्हित किए गए वेंडिंग जोन स्थल पर सभी दुकान को सुव्यवस्थित तरीके से लगवाने का निर्देश दिया। साथ कई दुकानें द्वारा दुकान के बाहर अतिक्रमण कर बिक्री की सामग्री रखते हैं और अतिक्रमण करते हैं उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। चिन्हित किए गए सभी जॉन में गाड़ियों की पार्किंग करने का निर्देश दिए। साथ ही सभी पार्किंग जोन को टेंडर करने का निर्देश दिया।



बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड के पास फल की दुकान लगाने वाले वेंडर को भी चिन्हित जोन में ठेला लगवाने की बात कही। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं परिवहन पदाधिकारी को परिवहन से संबंधित नियम एवं पार्किंग व नो पार्किंग जोन पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को लगातार प्रिंस चौक से केलाघाट मोड तक किसी प्रकार की अवैध अतिक्रमण ना हो इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन भ्रमण करने का निर्देश दिये। तथा फिर से अतिक्रमण पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कहीं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, डीएसपी, थाना प्रभारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, अंचलाधिकारी, सिटी मैनेजर सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## डीसी ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजना एवं कार्यों का किया समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद की समीक्षात्मक बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी, चापाकल मराम्मति, नागरिक सुविधा अंतर्गत ली गई योजना आदि की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को निर्देश दिया कि जनहित में प्राथमिकता के अनुसार योजनाओं का प्रस्ताव तैयार कर योजनाओं का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वहीं नगर क्षेत्र अंतर्गत बसे गांव जहां की सड़क की कोई सुविधा नहीं है उसका भ्रमण कर ग्रामीणों से समन्वय कर पथ निर्माण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत चल रहे योजनाओं की समीक्षा के क्रम में योजनाओं की गुणवत्ता को बेहतर रखने का शख्त हिदायत दिया तथा योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। ठोस अपशिष्ट/ कचरा प्रबंधन की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रशासक पदाधिकारी नगर परिषद समीर बोदरा सहित सीटी मैनेजर एवं अन्य उपस्थित थे।

## कॉलेज में नर्सरी दावों की लत एवं मादक पदार्थ द्रव्यों के सेवन पर हुआ जागरुकता कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केन्द्र, सिमडेगा एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर, 2/46 झा. बटा., सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में सिमडेगा कॉलेज सभागार में मंगलवार को नशीली दवाओं की लत और मादक पदार्थ द्रव्यों के सेवन पर जागरूकता एवं शिक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य देवराज प्रसाद उपस्थित रहे । साथ ही रोशन कुमार, जिला युवा अधिकारी सिमडेगा, दीपक कुमार, समन्वयक एन.सी.सी., विद्या शंकर कुमार, जितेश पासवान, देवी सिंह एवं संज्योति लकड़ा भी उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात जिला युवा अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गयी । कार्यक्रम में संसाधक के रूप में चिकित्सा विभाग से मोनिका कुमारी, सोनिया मिंज एवं सन्तु बड़ाईक ने युवाओं को नशा, इससे होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही नशा उन्मूलन के उपाय एवं सरकार के पहल के बारे में भी बताया । मुख्य अतिथि देवराज प्रसाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक बीमारी है, इस बीमारी से मुक्ति व नशा करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक किया । कार्यक्रम में मंच संचालन सोरिना टेटे, लेखापाल एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक ने किया।



## विधायक ने नव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शारिरिक शिक्षकों को पदस्थापित कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने जिले के नव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में रिक्त पद के अनुरूप शारीरिक शिक्षकों का पदस्थापना कराने की मांग को लेकर विधानसभा सत्र में आवाज उठाया है। विधानसभा सत्र के तारांकित प्रश्न में विधायक भूषण बाड़ा ने सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या सिमडेगा जिले में उच्च विद्यालय की संख्या है 51 है। इस पर सरकार द्वारा बताया गया कि जिले के चार मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के बाद उच्च विद्यालय की संख्या कुल 55 हो गयी है। विधायक ने पूछा है कि क्या जिले के 51 उच्च विद्यालय में शारीरिक शिक्षक के कुल 47 पद स्वीकृत है। जबकि मात्र 30 शारीरिक शिक्षक कार्यरत है। जबकि नव उत्क्रमित उच्च विद्यालयों जैसे उवि सलडेगा, उवि सिमडेगा, उर्दू उवि खैरनटोली उवि जितिया टोली में अब तक शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत नहीं है। विधायक के इन दोनों सवालों को सरकार ने स्वीकारते हुए कहा कि नव उत्क्रमित उवि विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पद सृजन की कारवाई प्रक्रियाधीन है। विधायक ने चारों नव उत्क्रमित चारो उच्च विद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद स्वीकृत करते हुए रिक्त सभी 17 शारीरिक शिक्षक के पदस्थापन के सम्बंध में भी जानकारी मांगी है। इस पर सरकार द्वारा बताया गया पद सृजन की कारवाई प्रक्रियाधीन है।

### लावारिश मवेशियों के रखरखाव व जिला मुख्यालय और में बने कांजी हाउस : विधायक

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने जिला मुख्यालय और प्रखंड के प्रमुख गांवों में कांजी हाउस निर्माण को लेकर विधानसभा सत्र में आवाज उठाया है। विधायक ने कहा कि कई बार मवेशी मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ दिया जाता है। इसके बाद ये मवेशी लावारिश हालत में सालों भर सड़कों में घूमते रहते हैं और रात के समय खेतों में लगाई गई फसलों को चरते हुए भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। विधायक ने सदन के माध्यम से कहा कि पूर्व में लावारिश हालत में पड़े ऐसे मवेशियों के रखरखाव हेतु कांजी हाउस का निर्माण किया गया था। लेकिन अब कहीं भी कांजी हाउस नजर नहीं आती। इस कारण मवेशी हमेशा इधर उधर भटकते रहते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय से लेकर हर प्रखंड के गांवों में भी कांजी हाउस का निर्माण कराया जाना बहुत जरूरी है। ताकि लावारिश हालत में घूम रहे पशुओं को पकड़ कर कांजी हाउस में रखा जा सके और फसल को नुकसान होने से बचाया जा सके। साथ ही मवेशियों के कारण होने वाले सड़क दुर्घटना पर भी अंकुश लगाया जा सके।

## एस के बागे महाविद्यालय में महिला सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** एस के बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा उपस्थित हुए।कार्यक्रम में काफी संख्या में कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं विशेष कर महिलाओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने नारी सशक्तिकरण पर कई महत्वपूर्ण वक्तव्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बतलाएं उन्होंने कहा कि देश की उन्नति में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि रूप में शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मुखिया अंजना लकड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहामहिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश,समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार गुप्ता सभा को संबोधित कर कहा कि यह दिन महिलाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता को पहचानने और संजोने,समाज को सुरक्षित बनाने और विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ पूर्वाग्रह और भेदभाव को खत्म करने की याद दिलाता है। मौके पर सचिव बालमुकुंद प्रसाद,एन एस एस कोऑर्डिनेटर सुजित कुमार सिन्हा,राजनीति शास्त्र प्रोफेसर संजय प्रसाद,हिंदी प्रोफेसर स्नेहलता सिन्हा, महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका गण,लेक्चरर और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के चलाया प्रखंड एवं नगर में सदस्यता अभियान

सिमडेगाः मंगलवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली सिमडेगा के द्वारा मंगलवार को सिमडेगा प्रखंड एवं नगर में जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस सदस्यता अभियान में विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने भरी संख्या में झामुमो का दामन थामा ।संयोजक प्रमुख अनिल कांडुलना ने सभी नए सदस्यों का झामुमो में स्वागत करते हुए कहा कि झामुमो झारखंडियों की पार्टी है, और वर्तमान में झारखंड सरकार झारखंडियों की सरकार है जो झारखंड की जनता के हित में काम कर रही है ।संयोजक सदस्य मो सफीक खान ने कहा की कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें ।इस अवसर साबिर अंसारी, नारायण मांझी, केन्द्रीय समिति सदस्य मो० शाहिद, फिरोज अली, पूर्व जिला अध्यक्ष किशोर डांग, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, मो० अनस आलम, सुमन मिंज, एल्कन डुंगडुंग, मो० अमानुल्लाह, जफरुल अंसारी, प्रफ्फुलित डुंगडुंग, कार्तिक बड़ाइक, खुर्शीद आलम, दिव्या डुंगडुंग, प्रेमधनी हेमरोम, प्रदीप कुजूर, पुनीत तिर्की, नाजिर अंसारी आदि भारी संख्या में लोग उपस्थि थे।



## नाम यज्ञ नगर भ्रमण के साथ बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई चौक स्थित बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम कलश यात्रा नाम यज्ञ हवन पूजन नगर भ्रमण के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ।लगातार 12 घंटे तक अखंड हरी कीर्तन नाम यज्ञ में केरसई में राम कृष्ण हनुमान की भक्ति रस बहती रही और भक्तगण उसमें गोते लगाते रहे।अखंड हरि कीर्तन में केरसई के साथ साथ कुरडेग बोलबा ठेठईटांगर एवं पड़ोसी ओडिशा के भी कीर्तन मंडली नाम यज्ञ में माहौल को भक्ति में बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा।बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पुरोहित के रूप में जहाँ संजय पाठक एवं अजय शंकर झा भूमिका निभा रहे थे वहीं यजमान के रूप में अजय कुमार रोहित सपत्नीक शामिल थे।कार्यक्रम में विशाल भन्डारे का भी आयोजन किया गया था जहां हज़ारों लोगों ने महाप्रसाद का भोग का सेवन किया।कार्यक्रम के समापन पर नगर भ्रमण का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्ति संगीत के अलावा होली गीत पर भी महिलाएं नृत्य करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कु रोहित ,प्रणव कुमार, गौतम कुमार, रवि गुप्ता अवधेश कुमार, आकाश प्रसाद ,सूरज कुमार ,मनोहर प्रसाद, शम्भूनाथ मिश्रा ,विकास कुमार ,प्रमोद प्रसाद, पप्पू प्रसाद, पी के झा ,अयोध्या प्रसाद ,लालमोहन प्रसाद, शंकर प्रसाद ,कर्मा महतो, शशि प्रसाद ,सुरजन बड़ाईक, दुबराज प्रसाद ,अमित कुमार ,पंकज कुमार, अमित कुमार, सीताराम सोनी ,बुलेश्वर प्रसाद ,कृष्णा प्रसाद ,शेखर प्रसाद ,संजय प्रसाद सहित सभी ग्रामवासियों खासकर महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## ग्रामीणों के बीच बकरे बकरियों का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** पशुपालन विभाग बानो में बकरा विकास योजना के तहत प्रखण्ड के लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया।मौके पर पबुड़ा मुखिया आलोक बारला ने लाभुकों को बकरी सेट व टब, बाल्टी आदि सामान वितरण किया गया।प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ ० दुलमु बूढ़ीउली ने बकरियों के रख रख रखाव,बकरियों में होने वाली बीमारियों व उपचार के बारे जानकारी दिये।उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पशुपालन कर आप अच्छी आमदनी कर सकते हैं।हमारा बानो प्रखण्ड पठारी ,जंगलों से भरा है। यह बकरी पालन के लिये उपयुक्त है। यहाँ पर चारागाह की कोई कमी नहीं है। समय समय पर अपने नजदीकी पशु चिकित्सक से कृमि नाशक दवाई अपने पालतू पशुओं को देते रहें। प्रखण्ड के बिभिन्न पंचायत के 20 लाभुकों के बीच एक बकरा व चार बकरी दी गई। मौके पर रवि नायक,अमित कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## ग्राम सभा को सरकारी फंड से जोड़कर वन प्रबंधन को लेकर विधायक ने उठाई मांग

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी ने विधानसभा बजट सत्र में सामुदायिक वन पट्टा प्राप्त ग्राम सभा को सरकारी फंड से जोड़कर वन प्रबंधन कार्य करने को लेकर मांग उठाई है। मंगलवार को उन्होंने शून्यकाल के माध्यम से कहा सिमडेगा जिला में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अनूरूप ग्राम सभाओं को वन पट्टा दिया गया।वन अधिकार अधिनियम 2006 में संसोधित नियमावली 2012 के धारा 16 के प्रावधानों के तहत वन संरक्षण का जिम्मा देकर ग्राम सभाओं को दे दिया गया। किन्तु उस वन का संरक्षण एवं विकास का कार्य वन विभाग अपने स्तर से मनमाने ढंग से कर रहा है। ग्राम सभा के बिना जानकारी दिए काम किए जा रहे हैं। नतीजा ग्राम सभा को इसका लाभ जो वन अधिकार अधिनियम में दिया गया है वो नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से मांग किया कि जिन ग्राम सभा को वन पट्टा निर्गत किया गया उसे सरकारी फंड से जोड़कर वन प्रबंधन का काम बेहतर वन पर्यावरण एवं ग्राम सभा कर्मियों को समुचित लाभ मिल सके।

## आज भी उपेक्षा का शिकार है नाई समाजः डॉ अजय शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

- जिला नाई समाज के द्वारा होली मिलन समारोह सह जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**सिमडेगा।** डाक बंगला परिसर में जिला नाई समाज के द्वारा होली मिलन समारोह सह जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के पूर्व महासचिव डॉ अजय शाहदेव, विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, नाई समाज के प्रदेश से आए दीपक ठाकुर और रामाश्रय ठाकुर उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप जलाकर एवं कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि समाज के जननायक कर्पूरी ठाकुर गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने न सिर्फ नाई समाज के लिए बल्कि अन्य समाज के विकास के लिए भी काफी संघर्ष किया। कर्पूरी ठाकुर के नाम पर आज भी कई लोग अपनी राजनीति रोटी सेंक रहे हैं। कई लोगों का व्यापार फल फुल रहा है। लेकिन दुखद बात है कि उनका समाज आज उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि आज नाई समाज के बारे में लोगों को सोचने की जरुरत है। समाज को आगे ले जाने के लिए समाज के लोग एकजूट रहें। समाज में पनपे बुराईयों को दूर फेंके। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। क्योंकि शिक्षा के बदौलत है समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने समाज के लोगों को होली की शुभकामना दी। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने कहा कि समाज के लोगों ने विस चुनाव के समय चंदा कर विधायक भूषण बाडा. को जो आशिर्वाद एवं आर्थिक सहयोग दिया तो, उसके लिए समाज के प्रति आभारी हैं। मौके पर समाज के लोगों ने विधायक के नाम एक ज्ञापन देते जिले में एक कर्पूरी ठाकुर भवन निर्माण कराने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने की। मौके पर मंच संचालन विनय ठाकुर एवं राजकुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में अरुण ठाकुर, राजू ठाकुर, सत्यव्रत ठाकुर,कुलदीप ठाकुर, राजेश ठाकुर, शिपूजन ठाकुर, विजय ठाकुर, रिंकी कुमारी, लवली देवी, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी,नूतन देवी, सहित समाज के भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ठेठईटॉगर मुख्यालय में 15 तारीख को मनाई जाएगी होली

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय शिव मंदिर परिसर में पंडित सूर्यकांत की अध्यक्षता में ग्राम वासियों की बैठक हुई। जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया 13 तारीख को होलिका दहन एवं 15 तारीख को रंग उत्सव का त्यौहार मनाया जाएगा। बैठक में संजय प्रसाद आदित्य प्रसाद मिथिलेश पांडे मनोज कुमार सिंह मनीष केसरी अनिल कुमार गुप्ता नरेंद्र बडाईक रवि प्रसाद पप्पू कुमार विकास ठाकुर राजेंद्र प्रसाद विजय ठाकुर सोनू बडाईक राजेंद्र प्रसाद एवं अन्य उपस्थित थे।

### लचरागढ़ में श्याम मित्र मंडल ने श्याम महोत्सव का आयोजन आज

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ धर्मशाला में श्याम मित्र मंडली के तत्वधान में श्याम महोत्सव का आयोजन 12 मार्च को शाम सात बजे से रखा गया है ।उक्त जानकारी देते हुए प्रभात सेठिया,रिक्की अग्रवाल और संजय अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में गायक सुरजीत अलबेला रेणु कोयल काजल परदेशी कलाकार दारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी प्रखंड के श्याम मित्र मंडली के लोग उपस्थित रहेगे।

### सड़क पर गिरी महिला,घायल

**बानो।** बैंक से पैसा निकाल कर वापस घर जाने के क्रम में स्वयं गिरकर घायल हुई महिला ।बताया गया कि बानो प्रखंड के जराकेल निवासी 42 वर्षीय सुकांति देवी बानो बैंक ऑफ़ इंडिया से पैसा निकालने आई थी ।पैसा निकालने के बाद वापस घर जाने के लिए ऑटो पकड़ने जा रही थी इसी क्रम में स्वयं गिरकर घायल हो गई जिससे वो घायल हो गई ।घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने घायल महिला का इलाज किया उन्होंने बताया कि महिला के दाहिने हाथ में चोट आई है फिलहाल वो इलाजरत है।

### कचरागढ़ पंचायत भवन में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ पंचायत भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से लचरागढ़ पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की उपस्थित थीं। रोजगार मेला में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दिया गया तथा विभिन्न ट्रेड में नामांकन हेतु फॉर्म भराया गया जिसमें 10 लोगों ने फॉर्म भरा जिसमें सैंपलिंग ट्रेलर के लिए चार युवती और फीटर मैकेनिक के कोर्स के लिए एक युवक का चयन किया गया है ।उक्त पांचों छात्रों प्रशिक्षण के लिए रांची स्थित एल एन जे इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्केल एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड रांची जाएंगे।

### पुल निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है : प्रखंड प्रमुख

**ठेठईटांगर।** टुकुपानी से फरसा पानी होते हुए आसनबेड़ा तक बन रहे रोड में फंसापानी के पास बन रहे पुल में लोकल पत्थर का चिप्स बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है ।यह आरोप प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने लगाया है उन्होंने कहा कि घटिया उपयोग हो रहा जिससे कि इसकी गुणवत्ता पर कमी आएगी और पुल अधिक दिन तक नहीं चलेगा, साथ ही पुल ढलाईया के वक्त इंजीनियर साहब वहां मौजूद नहीं थे कंपनी के मुंशी के द्वारा मुंशी के देखरेख में पुल ढलाई किया जा रहा था। प्रमुख ने कहा इसकी शिकायत उपायुक्त एवं कोलेबिरा विधायक से करेंगे।

### ठेठईटांगर प्रखंड प्रशासन के प्रतिबंधित पान गुटखा तंबाकू को लेकर की गई छापेमारी

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर के पंडरीपानी चौक एवं जोराम चौक में प्रतिबंधित पान मसाला के विरुद्ध छापेमारी कि गई। छापेमारी अभियान के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला बरामद किया गया जिसे जप्त कर ली गई ।जप्त की गई पान मसालो को मौके पर ही प्रखंड प्रशासन के द्वारा जलकर नष्ट कर दिया गया एवं सख्त हिदायत दी गई। अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज अंचलाधिकारी कमलेश उरांव थाना प्रभारी मुरताज अंसारी मौजूद थे।

### जिला टेंट डेकोरेटर्स एवं साउंड वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**सिमडेगा।** जिला टेंट डेकोरेटर्स एंड साउंड वेलफेयर एसोसिएसन की बैठक डाक बंगला परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता नीलम रमेश मिंज ने करते ने कि बैठक एसोसिएसन के हित मे की निर्णय लिए गए। आयोजित बैठक में कई प्रस्ताव सदस्यों द्वारा दिए गए जिनमे टेंट, लाइट, साउंड के व्यवसाय में कार्य कर रहे श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करना ,साथ ही साथी व्यवसाय में एकरूपता लाने के लिए दर तय करने एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों को परिचय पत्र निर्गत करने के अलावा संगठन में अन्य लोगों को भी जोड़ने के लिए कार्य करने की बात कही। इसके अलावा सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संघ द्वारा सरहुल जुलूस का स्वागत किया जाएगा।

### वित रहित संयुक्त शिक्षा संघर्ष मोर्चा ने एक दिन शैक्षणिक हड़ताल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ संत दोमनिक इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षेकतर वित्त रहित संयुक्त शिक्षा संघर्ष मोर्चा दारा आहुत एक दिनी शैक्षणिक हड़ताल को लेकर कॉलेज के बाहर धरना दिया तथा एक दिनी शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। कॉलेज के शिक्षक शिक्षेकतर 75प्रतिशत अनुदान राशि वृध्दि तथा राज्यकर्मी दर्जा देने की मांग को लेकर शैक्षणिक हड़ताल पर रहे ।इस अवसर पर फादर क्लमेंटे लकडा,फादर अलबिनुस केरकेट्टा,शांति केरकेट्टा,मेरी मनोरमा सोरेंग, सुशीला कुडु,प्रीतिवंती सुरीन, संजय पुरान,पास्कल तोपनो, कांति रोजलीन टेटे,अमित पोल केरकेट्टा,जोसफीन डुंगडुंग,सुष्मिता विलुंग, सोलिन, स्तानिलास वरदान आदि उपस्थित थे।

सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाने का लिया गया निर्णय

# होली पर्व आपसी सौहार्द्र और शांतिपूर्ण माहौल में रहने का संदेश देता है : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह** गांडेय थाना परिसर में मंगलवार को आगामी होली और रमजान त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने होली का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन ने सभी को सरकार के द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करते हुए होली मनाने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि होली आपसी सौहार्द और शांति पूर्ण माहौल में रहने का संदेश देता है। सीओ ने कहा कि सार्वजनिक स्थल , सड़क आदि में होली खेलना पूर्व पाबंदी रहेगी। गांडेय पुलिस इंस्पेक्टर मो कमाल खान ने कहा कि होली के त्योहार में अश्लील गाना बजाना, डीजे बजाने आदि पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। किसी भी व्यक्ति इच्छा के विपरीत रंग नहीं लगाना है। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। बैठक में प्रमुख राजकुमार पाठक, अमृत लाल पाठक, दशरथ किस्कू, मो अकबर, हाजी उस्मान, सुधीर गुप्ता, जय मंगल राय आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करके होली का त्योहार शांति और आपसी भाईचारा में मनाने की बात कही। बैठक के बाद उपस्थित सदस्यों ने एक - दूसरे को रंग - अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। बैठक में गांडेय थाना के एएसआई मणिलाल सिंह, रोशन सिंह, जितेंद्र मंडल, बैजनाथ राणा, सुरेश मुर्मू, मो जाकिर, समाजसेवी राजकुमार दास, एंथोनी स्वामी, मो आशिक , विकास पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं होंगी सदृढ़ : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ सफाई, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन, मेधा डेयरी बूथ तथा बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा के लिए टाउन आउट पोस्ट (टी.ओ.पी.) स्थापित करने का प्रस्ताव, भूमि हस्तांतरण तथा आवास ऑनरशिप ट्रांसफर में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के क्रम में आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलानी मोड़ वाया फेज 5 से रानी रोड का चौड़ीकरण व मरम्मत, फेज 1, 2 एवं 3 में नालियों एवं सेप्टिक टैंक की साफ सफाई, सड़क चौड़ीकरण व पेवर ब्लॉक बिछाना, सुलभ शौचालय का निर्माण, पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाना, वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति, शॉपिंग सेंटर में दुकानों का एलॉटमेंट सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि जेआरडीए के सुचारु कामकाज के लिए प्रबंध पर्षद की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उन्होंने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नन लीगल टाइटल होल्डर (नन एलटीएच) के शिफ्टिंग, अलॉटमेंट एवं मुआवजा में एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सह प्रबंध निदेशक जेआरडीए माधवी मिश्रा, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

चुनाव आयोग ने अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

# कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करना उद्देश्य : मुख्य चुनाव आयुक्त

❑ बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किया गया है। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## कैलाश सत्यार्थी ने मनाया होली मिलन समारोह



**गावां गिरिडीह।** गावां पंचायत भवन में कैलाश सत्यार्थी चिरड्रेन फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्यरुप से थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड प्रमुख अजय सिंह, इमरान अंसारी जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी उपस्थित थे। बैठक में होली की पौराणिकता पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि होली का त्यौहार भक्त प्रह्लाद की गाथा से जुड़ा हुआ है। यह त्यौहार आपसी गिला शिकवा को भूलते हुए आपस मे प्रेम से अबीर गुलाल लगाकर गले मिलने का संदेश देता है। यह एक ऐसा पर्व है। जिसमे उच नीच जाति पाती का कोई भेदभाव नहीं रहता है। व सभी आपस मे गले मिलते है। मौके पर सब लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## युवक की आकस्मिक मौत, गांव में पसरा मातम



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी निवासी 19 वर्षीय नारायण टुडू पिता स्वयंसेवक सोमर मांझी की आकस्मिक निधन हो गया। इस बाबत मुखिया रीता देवी और पति डेगलाल साव ने बताया कि नारायण की अचानक तबियत खराब हो गई। इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया पति डेगलाल साव पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर पंचायत समिति के पति महेश मुर्मू, शिबू मांझी, वार्ड सदस्य राजकुमार मुर्मू, रमेश हेंब्रम, राजाराम मांझी, सहदेव मांझी, बाबूराम मांझी समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल ने सांसद प्रतिनिधियों को किया सम्मानित



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल द्वारा नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव द्वारा रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि अनमोल सिंह, रामगढ़ विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि विनोद राम एवं रामगढ़ विधानसभा मीडिया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम में जिला के महामंत्री विजय जायसवाल,रामगढ़ जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह ,रामगढ़ कैंट मंडल के सुशांत पांडे ,मिथिलेश मंडल, प्रो आलोक सिंह ,राजेश ठाकुर, बृजेश पाठक, कुणाल दास, ,अजीत गुप्ता, अरविंद सिंह, , सुरेंद्र शर्मा, अशोक छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

होली व रमजान को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति बैठक आयोजित

# न फैलाएं अफवाह, एक-दूसरे के धर्म का करें सम्मान : एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** होली पर्व में विधि-व्यवस्था संधारण करने के दृष्टिकोण से मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन अनुमंडल सभागार में किया गया। प्रभारी एसडीओ सह एलआरडीसी डुमरी जीतराय मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एसडीपीओ सुमित प्रसाद, प्रमुख उषा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो, उपप्रमुख उपेन्द्र महतो, बबलू झामुमो नेता, राजकुमार पांडेय, बरकत अली, पूर्व जिप अध्यक्ष राकेश महतो, जिप सदस्य धनंजय प्रसाद, युवा कांग्रेस जिला महासचिव गुड्डु मालिक, निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार, डुमरी थाना के प्रभारी थानेदार गोपाल कृष्णा, पीरटांड़ थाना प्रभारी दीपेश कुमार, मधुबन थाना प्रभारी संजय यादव, खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कुमार, हरलाडीह ओपी थाना प्रभारी दीपक कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि शांति समिति के बैठक में निम्नलिखित निर्णय एवं सुझाव प्रस्ताव में लाया गया जिसमें होली के अवसर पर डीजे का प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा,संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी व पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। होली के दिन जुमा की नमाज भी है, ऐसी परिस्थिति में शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने के लिए सभी आमजनों से यह अपील गयी कि होली में अनावश्यक किसी के इच्छा के विरूद्ध रंग, अबीर लेपन का कार्य नहीं करें।

## बानो हरिजन बस्ती में तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव की हुई शुरूआत

**बानो।** प्रखंड के हरिजन बस्ती स्थित राधा कृष्णा मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का आयोजन के दुसरे दिन अधिवास व नामकरण के साथ अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव आरंभ किया किया गया।अंखड हरि कीर्तन हरिजन बस्ती, जराकेल, उकौली, बानो, पबुडा, सोय के कीर्तन मंडली भाग ले रहे है।बुधवार को पुणार्हुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।पुरोहित सह मुख्य पुजारी प्रदीप पंडा, मनोहर दिवेदी संतोष दिवेदी व यजमान की भूमिका में गोपाल सिंह व उनकी धर्मपत्नी अलोमनी देवी निभा रहे है।इस अवसर अधक्ष गोपाल सिंह, सचिव राजेंद्र लुनिया, कोपाध्यक्ष हुलेश नयक, महावीर सिंह, सुकेश सिंह, दुर्गा जयसवाल, पलटु सिंह,श्रवण नायक दिनेश सिंह, बबलु सिंह, करण सिंह,लालमोहन प्रधान, उषा देली, सावित्री देवी, राधा देवी, परमानंद सिंह, ललित बडाइक, सुदामा सिंह, शंकर सिंह, राजन नायक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## सुरक्षा सहित मूलभूत सुविधाएं होंगी सदृढ़ : आयुक्त

**धनबाद।** धनबाद जिला समाहरणालय में मंगलवार को जेआरडीए प्रबंध पर्षद की 35वीं बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सह झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अध्यक्ष पवन कुमार ने की. आयुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ सफाई, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया. साथ ही टाउनशिप में बिजली सबस्टेशन, डेयरी बूथ व टीओपी स्थापित करने को कहा.

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–848 (अनु०) दिनांक–05.03.2025 पी०आर०संख्या–347818 (भवन) 2024–25D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–108/2024–25 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 12.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 15.03.2025 को 3.00 (तीन) बजे तक है, में अंकित परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि 15.03.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 17.03.2025 पढ़ा जाय। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
PR 348420 Building(24-25)#D भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

## उमेश दास हत्या कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, तीन गिरफ्तार



**गिरिडीह।** गिरिडीह पचम्बा थाना क्षेत्र के बुढ़वा तालाब के समीप बीते दिनों 4 मार्च को उमेश दास नामक मजदूर की हुई हत्या मामले का गिरिडीह पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। मामले में गिरिडीह एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौशर अली के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों अपराधी पचंबा थाना क्षेत्र के मनिकलालो के रहने वाले है। मंगलवार को एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेसवार्ता कर उक्त जानकारी दी।

बिरनी और भरकट्ठा ओपी में शांति समिति बैठक आयोजित

# असमाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी निगरानी : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी थाना और भरकट्ठा ओपी परिसर में आगामी होली त्योहार को लेकर शांति समिति बैठ आहूत की गईं। इस बैठक का संचालन बिरनी थाना परिसर में प्रभारी आकाश भारद्वाज और भरकट्ठा ओपी परिसर में प्रभारी अमन कुमार ने किया। इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समेत लोग शामिल हुए। इस बैठक में आये हुए जनप्रतिनिधियों और लोगों ने अपनी-अपनी बात को रखी है। जिसके बाद लोगों ने कहा कि बिरनी क्षेत्र और भरकट्ठा ओपी क्षेत्र में दो समुदायों के लोगों ने एकता का परिचय देते हैं। बिरनी में इतिहास रहा है कि किसी भी समुदायों के त्योहार ही दोनों समुदायों मिलकर बनाते हैं। पुलिस ने दिया निर्देश : बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज और भरकट्ठा ओपी अमन कुमार ने बताया कि होली त्योहार के दिन शुक्रवार भी पड़ रहा है। जिसके बाद दोनों त्योहार को देखते हुए उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों को अपील करते हुए कहा कि मुस्लिम समुदाय के इस वक़्त माहे रमजान के महीना भी चल रहा है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी तरह लगे तो पुलिस को सूचना करे। पुलिस त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हो सके। मौके पर प्रमुख रामु बैठा, उपप्रमूख शेखर सुमन, जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय, मुस्तकीम अन्सारी, कमालुद्दीन अन्सारी, सैफुल अहमद,किशुन राम, पूर्व प्रमूख प्रतिनिधि मनोज सिंह, निरजंन कुमार वर्मा, मुकेश यादव, मुजाहिद अन्सारी, राजेद्र यादव,सुनील वर्मा, सहदेव यादव, सैकड़ों की संख्या लोग शामिल हुए।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक..........खूँटी, दिनांक..........

**E-Tender Notice**

(Through E-Procurement mode only http://jharkhandtenders.gov.in)

Very Short E-Tender Reference No. KNP/11/2024-25

6th Call

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 13 KLD at Khunti Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,68,18,444/- Operation & Maintenance Cost: 1,68,46,068/- Total: 4,36,64,512/- |
| 3. | Bid Security (INR) | Rs. 4,36,645/-. (Rupees Four Lakhs Thirty-Six Thousand Six Hundred Forty-Five Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); Non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 12.03.2025 at 3.00 PM |
| 7. | Document downloading start Date | 12.03.2025 at 3.00 PM |
| 8. | Bid submission end date | 21.03.2025 at 3.00 PM |
| 9. | Bid opening date (online) | 22.03.2025 at 3.00 PM |
| 10. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 11. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Khunti |
| 12. | Helpline Number | 9931406816 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 348383 Urban Development(24-25).D

केंद्रीय संचार ब्यूरो व पत्र सूचना कार्यालय में हिंदी कार्यशाला व महिला दिवस का आयोजन

# हमारे देश में नारी पूजनीय है : राकेश मिश्रा

## हिंदी संपन्न भाषा, इसमें काम करना सहज व सरलः प्रो.(डॉ) रत्नेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो व पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी कार्यशाला और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रो.(डॉ) रत्नेश विश्वक्सेन ने सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग बल दिया। वहीं कहा कि हिंदी विश्व की एक संपन्न भाषा है। हिंदी ने बहुत सहजता के साथ कई भाषाओं को अपने में समायोजित किया है। भाषा का सम्मान का अर्थ भाषा का अधिकाधिक उपयोग करना है। सरकारी कार्यालय में हिंदी भाषा का प्रयोग ासान है और अधिकतर कार्यों के लिए पूर्व के प्रारूप का उपयोग कर सरकारी नोट व संचिकाएं इत्यादि चलाई जा सकती हैं। प्रोफेसर रत्नेश ने कहा कि समाज के लगभग सभी क्षेत्रों में महिलाओं का आगे आना शुभ संकेत है और आशा है कि आने वाले दिनों में देश व दुनिया के भलाई व प्रगति के लिए वे और अधिक योगदान देंगी। राकेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी हमेशा पूजनीय रही हैं। श्री मिश्रा ने भारतीय धार्मिक पुस्तकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नारियों के परम सम्मान के कई उदाहरण इन पुस्तकों में मिलते हैं। दिवाकर ने कहा कि सरकारी कार्यों में हिंदी का प्रयोग क क्षेत्र में सामान्यतः होता है और इसे और भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। शिल्पी ने महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान में आकाशवाणी, रांची का समाचार प्रभाग दो महिला अधिकारियों के द्वारा सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है जिनका भारतीय सूचना सेवा में चयन अंग्रेजी भाषा कैटिगरी के तहत हुआ है। गौरव पुष्कर ने कहा कि हिंदी का प्रयोग बहुत आसान है व प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों की रचनाएं प्रेरणास्त्रोत व मार्गदर्शी है।

# जिप सदस्य व थाना प्रभारी ने किया 'पलाश हर्बल गुलाल' का शुभारंभ




**नवीन मेल संवाददाता। बानो** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी बानो के तत्वावधान में ह्लपलाश हर्बल गुलालह्व का शुभारंभ बानो प्रखण्ड में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना एवं थाना प्रभारी के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में किया गया । यह विशेष बिक्री स्टॉल 11 मार्च 2025 तक प्रखण्ड कार्यालय एवं 12-13 मार्च को बानो चौक में उपलब्ध रहेगा। जिससे होली के शुभ अवसर पर लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों का आनंद उठा सकें। विशुद्ध एवं प्राकृतिक तरीके से पलाश हर्बल गुलाल बानो प्रखंड के लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया गया है। पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते हुए बानो प्रखण्ड में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना एवं एसआई निरंजन महतो ने समूह के द्वारा इस नए कदम की सराहना की। उन्होंने सभी संलग्न दीदियों को शुभकामना देते हुए इसी प्रकार से आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने हेतु प्रेरित किया। जिला परिषद ने कहा समिति में जुड़ कर स्वरोजगार योजना का आरंभ कर अपनी आय में बृद्धि करें।कार्यक्रम में उपस्थित लक्ष्मी समूह बानो की दीदियों के द्वारा जिला परिषद सदस्य सहित अन्य पदाधिकारीयों को गुलाल से तिलक लगाकर साथ ही स्वयं एक दूसरे को गुलाल लगाकर सुरक्षित होली हेतु समाज को भी प्रेरित किया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 06 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2024-25 (2nd Call)**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 12.03.2025 at 10:30 hrs. to 18.03.2025 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 19.03.2025 16:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
e- Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division Hazaribag

PR 348351 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपकी मुस्कुराहट में अनंत परमात्मा की हँसी स्पन्दित होनी चाहिए। उनके प्रेम की बयार को दूसरों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहटें फैलाने दें। उनका तेज संक्रामक होगा। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# गर्म हो रही रांची की चेतावनी


कभी ग्रीष्मकालीन राजधानी और हिल स्टेशन के रूप में प्रसिद्ध राजधानी रांची की बढ़ती गर्मी ने यहां के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मार्च में ही मई की अनुभूति हो रही है। बेरोकटोक बढ़ती आबादी, बढ़ते वाहन और बढ़ती ऊंची इमारतें इस प्रतिकूल प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कभी हरी भरी रही राजधानी में कन्क्रीट के जंगल एवं ऊंची इमारतें गर्मी को वापस वातावरण में उत्सर्जित करके शहर को गर्म करती है और हवाओं के बहने पर भी प्रभाव डालती है। पर्यावरणविद मानते हैं कि समुद्रतल से रांची की ऊंचाई औसतन 600 मीटर है, जिसके चलते मैदानों की तुलना में बादल यहां कम ऊंचाई पर ही बनते हैं। अब रांची शहर में ऊंची इमारतों से उठती गर्म हवा इन बादलों को शहर के बाहर धकेल रही है। इस वजह से रांची के आसपास के इलाकों में तो बारिश होती है, लेकिन शहर बारिश से वंचित हो जाता है। रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा ऊपर उठ रही है। यही नहीं, बढ़ते शहरीकरण की वजह से यहां की मिट्टी या तो दब गई है या तो ठोस हो गई है और वो सारी गर्मी को वापस वातावरण में लौटाकर गर्मी को बढ़ा रही है। ये सभी कारण राजधानी के मौसम में आए बदलाव का कारण बन रहे हैं। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और बिगड़ते चले जाएंगे। इसके लिए आम लोगों को भी चिंता करने की जरूरत है। रांची शहर की अपनी जलवायु है, जो यहां की ऊंची इमारतों की वजह से प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं इनमें फंसकर ऊपर उठकर बादलों को धकेल देती हैं। दूसरी ओर ये इमारतें गर्म हवाओं को रोक कर शहर को धीरे-धीरे गर्म करती हैं। अगर हरियाली होती तो शायद बादल संघनित होकर बरसते और गर्मी उतनी महसूस नहीं होती। आज भी रांची जिले के जिन हिस्सों में अधिक हरियाली है वहां सामान्यतः कम तापमान रहता है। मेन रोड, अपर बाजार, हिंदपीढ़ी, रातू रोड, सर्कुलर रोड, पिस्का रोड, कोकर, डोरंडा आदि जगह ज्यादा गर्म हो रहे हैं। इन जगहों पर ऊंची इमारतों का होना एवं हरियाली का कम होना अहम वजह है। जिस तरह से आबादी, वाहन एवं ऊंची इमारतें बढ़ी हैं गर्मी का प्रभाव भी बढ़ा है। झारखंड के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सुबह-शाम लगने वाली ठंड भी अब कम हो गई है। दिन में चढ़ता सूरज तपीश देने लगा है। कुल मिला कर तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से धीरे-धीरे गर्मी सताने लगी है। आलम यह हो गया है कि राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक जा चुका है।सोमवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बात राजधानी रांची के मौसम की करें तो रांची का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राजधानी के तापमान में ऐसी बढ़ोत्तरी सामान्य से 22.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक है।" सरकार को इस गर्मी को चेतावनी की तरह लेना चाहिए और राजधानी रांची के आसपास अंधाधुंध बस रही अनियमित बस्तियों पर रोक लगानी चाहिए जो पेड़ों की कटाई भी कर बनाई जा रही हैं और इनका निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है जो भविष्य के लिए खतरा बन सकते हैं।

*रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा ऊपर उठ रही है।*

### एआई और महिला सशक्तिकरण

# डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे।




इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

आज की **बात**



**सावित्री ठाकुर**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29% अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है। 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

# सपनों की सच्ची उड़ान

गांव के एक छोटे से घर में रहने वाली कल्पना देवी के लिए उनका इकलौता बेटा, आरव, ही उनकी दुनिया था। पति के गुजर जाने के बाद उन्होंने अकेले ही आरव को पाल-पोसकर बड़ा किया। संघर्षों से भरी जिंदगी में उन्होंने कभी अपने बेटे की खुशी पर आँच नहीं आने दी। आरव बचपन से ही माँ का हाथ बँटाने में विश्वास रखता था। जब उसके दोस्त खेलते, वह माँ के साथ खेतों में हाथ बँटाता। जब दोस्त ऊँचे सपने देखते, वह माँ की आँखों में छुपे दर्द को पढ़ता। समय बीता, आरव ने अपनी पढ़ाई पूरी की और शहर में बड़ी नौकरी पा ली। गाँव में यह खबर आग की तरह फैल गई। हर कोई कह रहा था, "अब आरव अपने सपनों को उड़ान देगा, और माँ को आराम की ज़िंदगी मिलेगी!" माँ की आँखों में गर्व था, लेकिन उनके दिल में एक अनकही चिंता भी थी। बेटे की विदाई की कल्पना मात्र से ही उनकी आँखें नम हो जातीं। एक दिन, माँ ने बेटे से कहा, "बेटा, अब तुझे अपनी दुनिया बसानी है। शहर जा, अपने सपनों को पूरा कर, मेरी फिक्र मत कर।" आरव मुस्कुराया, माँ के पास बैठकर उनके हाथ अपने हाथों में लिए और बोला, "माँ, मेरी दुनिया आपके बिना अधूरी है। सपने वे नहीं जो अपनों से दूर कर दें, बल्कि वे होते हैं जो अपनों के साथ पूरे किए जाएँ।" आरव ने गाँव में ही एक नई पहल की-उसने गाँव के युवाओं के लिए एक शिक्षण संस्थान खोला, जहाँ वे मुफ्त में शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। शहर की बड़ी नौकरी छोड़कर उसने अपने गाँव के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया।

अलग **बात**



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

"तू अपना भविष्य क्यों बर्बाद कर रहा है?" लोगों ने ताने मारे। लेकिन आरव का उत्तर सधा हुआ था-"अगर मेरी सफलता मेरे अपनों के काम नहीं आई, तो ऐसी सफलता का कोई मूल्य नहीं।" समय बीता, और आरव की मेहनत रंग लाई। उसका शिक्षण संस्थान पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो गया। कई गाँवों के बच्चे वहाँ आकर पढ़ने लगे। माँ उसे देखकर गर्व से भर जातीं। एक दिन, जब माँ ने गाँव के बच्चों को पढ़ते देखा, तो उनकी आँखों में आँसू थे-गर्व और खुशी के आँसू। उन्होंने बेटे का माथा चूमा और कहा, "बेटा, मैंने तुझे सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचते देखने का सपना देखा था, और तूने मेरी कल्पना से भी बड़ा सपना सच कर दिया!" आरव ने माँ के पैरों को छूते हुए कहा, "माँ, मेरी सबसे बड़ी सफलता आपकी मुस्कान है। यह दुनिया मुझे पहचानें या न पहचानें, लेकिन जब तक आप मुझ पर गर्व करती रहेंगी, मैं खुद को दुनिया का सबसे सफल इंसान मानूँगा।" उस दिन माँ को एहसास हुआ कि उन्होंने अपने बेटे को सिर्फ जन्म ही नहीं दिया, बल्कि उसे इंसानियत की सबसे बड़ी सीख भी दी थी—सपने सिर्फ खुद के लिए नहीं, अपनों और समाज के लिए होने चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# काशी की परंपरागत मणिकर्णिका महाश्मशान होली

भगवान शिव और मोक्ष की नगरी के रूप में प्रसिद्ध विश्व के प्राचीनतम शहरों में से एक काशी को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है। शिव और काशी का संयोग सृष्टि के प्रारंभ से ही है। इसीलिए कहा जाता है- काशी के कंकर- कंकर में शंकर। यहां के गली से लेकर घर तक में शिवालय मिलते हैं, और प्रत्येक व्यक्तित्व में शिवत्व। शिव का औघड़पन यहां की मस्ती में सहज प्राप्य है। सम्पूर्ण भारत में विद्यमान बारहज्योतिर्लिंगों में से एक श्रीकाशी विश्वनाथमंदिर भी काशी में ही विद्यमान है। काशी विश्वनाथ में स्वयं भगवान शिव शक्ति की देवी माता भगवती के साथ विराजमान हैं। काशी में स्थित काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के दो भाग हैं- दाहिने भाग में शक्ति के रूप में माता भगवती विराजमान हैं, तथा दूसरी तरफ स्वयं भगवान शिव वाम रूप (सुंदर रूप) में विराजमान है। इस कारण इसे काशी का अविमुक्त क्षेत्र भी कहा जाता है। माता भगवती के दाहिनी ओर विराजमान होने से मुक्ति का मार्ग केवल काशी में खुलता है। यहां मनुष्य को संपूर्ण मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा के पावन तट पर स्थित त्रिशूलाधिपति का यह स्थल सम्पूर्ण विश्व मेंशिवभक्तों के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है।यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती का आदि स्थान है। इस पवित्र मंदिर के प्रमुख देवता श्रीविश्वनाथ हैं। विश्वनाथ का अर्थ है- विश्व के नाथ अर्थात ब्रह्मांड के भगवान। ऐसी मान्यता है कि एक बार इस मंदिर के दर्शन और पवित्र गंगा में स्नारन कर लेने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि प्रलयकाल में भी इसका लोप नहीं होता। प्रलयकाल में भगवान शंकर इसे अपने त्रिशूल पर धारण कर लेते हैं, और सृष्टि काल आने पर इसे नीचे उतार देते हैं। इसे आदि सृष्टि स्थली की भूमि भी कहा जाता है। इसी स्थान पर भगवान विष्णु ने सृष्टि उत्पन्न करने की कामना से तपस्या करके आशुतोष को प्रसन्न किया था और फिर उनके शयन करने पर उनके नाभिकमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए, जिन्होंने सम्पूर्ण संसार की रचना की। अगस्त्य मुनि, महर्षि वशिष्ठ और राजर्षि से ब्रह्मर्षि बने विश्वामित्र भी काशी विश्वेश्वर की आराधना -उपासना से मनोवांछित वर प्राप्त कर लोकप्रिय हो गए। बाबाविश्वनाथ की नगरी काशी के सभी तत्व, सभी पर्व, सब त्योहार शिव के रंग में रंगे हैं। यहां की होली भी अनूठी है। फाल्गुन में काशी का कण- कण फाग गाता है। श्मशान अर्थात मशान में होली खेलने दिगम्बर आते हैं। यहां शिव के साथ- साथ हर जीव संसार के इस महाश्मशान में होली ही खेल रहा है। यह खेल तबतक जारी रहेगा, जब तक उस मणिकर्णिका की ज्योति में समाहित नहीं हो जाता। संसार श्मशान ही तो है।मृत्यु से सर्वाधिक भयभीत रहने वाले मनुष्य के प्रत्येक भय का अंतिम कारण अपनी अथवा अपनों की मृत्यु ही होती है। श्मशान में होली खेलने का अर्थ है-मृत्यु की उस भय से मुक्ति पा लेना। शिव किसी शरीर मात्र का नाम नहीं है। शिव वैराग्य की उस चरम अवस्था का नाम है, जब व्यक्ति मृत्यु की पीड़ा,भय अथवा अवसाद से मुक्त हो जाता है। शिव होने का अर्थ है, वैराग्य की उस ऊंचाई पर पहुंच जाना, जब किसी की मृत्यु कष्ट न दे, बल्कि मृत्यु को भी जीवन का एक आवश्यक हिस्सा मान कर उसे पर्व की तरह खुशी -खुशी मनाया जाय। शिव के शरीर में भभूत लपेट कर नाच उठने पर वे समस्त भौतिक गुणों-अवगुणों से मुक्त दिखते हैं। यही शिवत्व है।

आपकी **बात**



**अशोक "प्रवृद्ध"**

मान्यता है कि काशी की मणिकर्णिका घाट पर भगवान शिव ने देवी सती के शव की दाहक्रिया की थी। तबसे वह महाश्मशान है, जहां चिता की अग्नि कभी नहीं बुझती। एक चिता के बुझने से पूर्व ही दूसरी चिता में आग लगा दी जाती है। वह मृत्यु की लौ है, जो कभी नहीं बुझती। जीवन की हर ज्योति अंततः उसी लौ में, उसी परम ज्योति में समाहित हो जाती है। शिव के अपने पत्नी देवी सती के शव को अपने कंधे पर लेकर नाचते समय वे मोह के चरम पर थे। वे शिव थे, फिर भी शव के मोह में बंध गए थे। मोह बड़ा प्रबल होता है, यह किसी को नहीं छोड़ता। सामान्य जन भी विपरीत परिस्थितियों में, या अपनों की मृत्यु के समय ऐसे ही शव के मोह में तड़पते हैं। शिव शिव थे, वे रुके तो उसी प्रिय पत्नी की चिता भष्म से होली खेल कर युगों- युगों के लिए वैरागी हो गए। मोह के चरम पर ही वैराग्य उभरता है, लेकिन मनुष्य इस मोह से नहीं निकल पाता। वह एक मोह से छूटता है, तो दूसरे के फंदे में फंस जाता है। यह मोह मनुष्य को शिवत्व प्राप्त नहीं होने देता।काशी शिव के त्रिशूल पर टिकी है। शिव की अपनी नगरी है काशी।कैलाश के बाद उन्हें सबसे अधिक काशी ही प्रिय है। यही कारण है कि काशी एक अलग प्रकार की वैरागी ठसक के साथ जीती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

इक चुनाव थी होलिका, इक चुनाव प्रहलाद।
दोनों के संदर्भ थे, दोनों के प्रतिवाद।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# बार-बार हिंदू मंदिरों पर हमले बड़ी फिरकापरस्त साजिश!

कैलिफोर्निया अमेरिका में एक बार फिर हिंदू मंदिर पर हमला किया गया है। बांग्लादेश पाकिस्तान कनाडा और अब अमेरिका सब जगह हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ आगजनी हिंसा हिंदू समाज की सहिष्णुता को चुनौती देने का फिरकापरस्त ताकतों की साजिश है ताकि भारत में इसकी प्रतिक्रिया हो और हिंदू सिख मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच परस्पर घृणा विद्वेष फैलाने में कामयाबी हासिल की जा सके। इस बार दक्षिणी कैलिफोर्निया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया और इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। पिछले कुछ महीनों में यह इस तरह की दूसरी घटना है। स्वामीनारायण मंदिर प्रबंधन ने अपने बयान में बताया है कि हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत का एक और प्रदर्शन करते हुए आपको बता दें कि कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में उनके मंदिर को निशाना बनाया गया। इसने आगे कहा कि समुदाय कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देगा।

केलीफोर्निया में सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक स्वामीनारायण मंदिर के ऊपर हमला किया गया है। इस दौरान मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। अमेरिका के हिंदू संगठनों ने मंदिर पर हुए हमले की निंदा की है। भारत ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई''की मांग की। भारत ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, है कि हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने शनिवार को कहा कि चीनो हिल्स में श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र को किया गया। 'बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने पोस्ट किया कि एक और मंदिर को अपवित्र किया गया तथा इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित मंदिर में ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है।इसने कहा, "हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के लोगों के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।"मंदिर पर हुए हमले को लेकर चिनो हिल्स पुलिस विभाग ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के संगठन ने घटना की निंदा करते हुए पोस्ट किया, एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इस बार चिनो हिल्स, कैलिफोर्निया में प्रतिष्ठित बीएपीएस मंदिर में। यह दुनिया में एक और दिन है, जहां मीडिया और शिक्षाविद इस बात पर जोर देंगे कि हिंदू विरोधी कोई नफरत नहीं है और हिंदूफोबिया सिर्फ हमारी कल्पना की उपज है।

उत्तरी अमेरिका की हिंदू संस्थान सीओएचएनए ने एक्स पर अपनी पोस्ट पर लिखा है कि ये कतई चौंकाने वाला नहीं है कि लॉस एंजिल्स में तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले ऐसा किया गया है। सीओएचएनए ने अपनी पोस्ट में वर्ष 2022 के बाद से अमेरिका के मंदिरों में तोड़फोड़ कई मामलों की जानकारी दी है और जांच की मांग की है। सीओएचएनए उत्तरी अमेरिका में हिंदुओं का एक संगठन है। जो उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म की समझ को बेहतर बनाने और हिंदू समुदाय को प्रभावित करने वाले मामलों के लिए कार्य करता है इस संगठन ने मंदिरों पर हमलो की क्रमवार जानकारी जारी की है इस के अनुसार 3 अगस्त 2022, श्री तुलसी मंदिर क्वींस, न्यूयार्क 16 अगस्त 2022, श्री तुलसी मंदिर क्वींस, न्यूयार्क 30 अक्तूबर 2022, हरि ओम राधाकृष्ण मंदिर, सेक्रामेंटो, कैलिफोर्निया 23 दिसंबर 2023, एसएमवीएस श्रीस्वामी नारायण मंदिर कैलिफोर्निया, 1 जनवरी 2024, शिव दुर्गा मंदिर सेंटा क्लारा कैलिफोर्निया 5 जनवरी 2024, श्री आस्था लक्ष्मी मंदिर फ्रेमांट, कैलिफोर्निया 5 जनवरी 2024, विजय शेरावली मंदिर, हेवर्ड, कैलिफोर्निया 11 जनवरी 2024, श्री पंचमुख हनुमान मंदिर डबलिन, कैलिफोर्निया 17 सितंबर 2024, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर न्यूयार्क 25 सितंबर 2024, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सेक्रामेंटो, कैलिफोर्निया में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाया गया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

औरंगजेब का गुणगान करने वाले अबू आजमी के बदले सुर

# अब छत्रपति संभाजी महाराज को बताया पराक्रमी योद्धा

**एजेंसी । मुम्बई**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी के बयान पर महाराष्ट्र की राजनीति में विवाद जारी है। हाल ही में औरंगजेब को लेकर उनके बयान पर बवाल मचा था। वहीं, छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर अबू आसिम आजमी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद मामला और गरमाता जा रहा है। आज यानी 11 मार्च को छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि है। इतिहास में दर्ज है कि आज ही के दिन मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी। अबू आसिम आज़मी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी।

**मुरादाबाद:** शहर इमाम की मुसलमानों से अपील

# होली के दिन नजदीकी मस्जिदों में अदा करें जुमे की नमाज

**मुरादाबाद (आईएएनएस)**



देशभर में 14 मार्च को रंगों का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार के मद्देनजर मुरादाबाद की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज का समय बढ़ा दिया गया है। होली और जुमा एक साथ होने पर शहर जामा मस्जिद में दोपहर 1 बजे की जगह 2:30 बजे नमाज अदा की जाएगी। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने होली के दिन मुसलमानों से अपने नजदीक की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा करने की अपील की है। इमाम ने जुमे की नमाज के समय को बढ़ाने की भी घोषणा की। उनका कहना है कि रमजान का महीना चल रहा है और इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में आते हैं। इसलिए जुमे की नमाज का समय बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

# बिहार की धरती आबा-बाबा को नहीं समझती है : राजद

**पटना (आईएएनएस)**



बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों बिहार में हैं। इसी बीच उनके हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर दिए गए एक बयान पर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। राजद ने साफतौर पर कहा कि यह बिहार की धरती आबा-बाबा को नहीं समझती है। दरअसल, पंडित धीरेंद्र शास्त्री गोपालगंज के रामनगर में पांच दिवसीय हनुमंत कथा में शामिल होने आए। उन्होंने कथा के अंतिम दिन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर कहा कि सभी जात-पात से ऊपर होकर एक हो जाएं तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।

# होली पर महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या फिर एक और जुमला : आतिशी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादों और दावों पर सवाल उठाए हैं। पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 8 मार्च को हर महिला के खाते में 2500 जमा किए जाएंगे। विपक्ष का कहना है कि अभी तक इस योजना का रजिस्ट्रेशन तक शुरू नहीं हुआ है, जिससे महिलाओं के बीच निराशा बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आई महिलाओं के साथ एक प्रेस वार्ता करते हुए कहा है कि भाजपा द्वारा किया गया दूसरा वादा था होली के अवसर पर हर महिला को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# मणिकर्णिकाघाट पर धधकती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

**वाराणसी (हि.स.)**

काशी की पवित्र भूमि, जो जीवन और मृत्यु के बीच की अनंत कड़ी है,ने इस वर्ष भी एक अद्भुत दृश्य का साक्षात्कार कराया। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन मंगलवार को मोक्ष की धरती मणिकर्णिकाघाट पर चिता भस्म की होली का आयोजन किया गया, जो न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि जीवन और मृत्यु के साक्षात अनुभव को महसूस कराने वाला अतुलनीय दृश्य था। महाश्मशान घाट पर जहां एक ओर चिता की लपटें सुलग रही थीं, वहीं दूसरी ओर शिव भक्तों, नागा संतों और अघोरियों के साथ हजारों युवा 'हर-हर महादेव' के उद्घोष में डूबे हुए थे। विशाल डमरूओं की निनाद के बीच चिता भस्म और अबीर से होली खेलने का यह दृश्य जैसे जीवन के अंतिम और प्रारंभिक बिंदु का मिलन था। इस दौरान, 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत पर युवा थिरकते रहे, जबकि घाट के वातावरण में एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार हो रहा था। मणिकर्णिका घाट पर इस अनोखी होली में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा था। घाट के नीचे एक ओर जहां शवों की कतार लगी थी, वहीं दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के उद्घोष ने सबको एक नई दिशा दी। यह दृश्य काशी के उन गहरे और गूढ़ संदेशों को भी समझाता है, जो जीवन और मृत्यु के बीच के रिश्ते को एक नई दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करते हैं। काशी में यह मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के गौने में उनके पिशाच, भूत-प्रेत, औघड़, अघोरी और संन्यासी शामिल नहीं हो पाते, क्योंकि बाबा के सभी भक्त निर्विकार होते हैं। बाबा इन्हें निराश नहीं करते और गौने के अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर इन भूत-प्रेतों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। यही पौराणिक मान्यता काशी में चिता भस्म की होली के आयोजन का आधार है।



**अनोखी होली** में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का उमड़ पड़ा हुजूम



## मृत्यु कोई अंत नहीं, बल्कि **एक नई शुरुआत** है...

यह दृश्य, काशी में जीवन और मृत्यु के साक्षात्कार को दर्शाता है, मृत्यु कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है, जहां हर व्यक्ति को शाश्वत अस्तित्व की ओर एक कदम और बढ़ाया जाता है। शिव आराधना समिति के डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि काशी में यह मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के गौने के अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर बाबा अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं।

# आप्रवास व विदेशी विषयक विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली (हि.स.)**



गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक-2025 विचार के लिए लोकसभा में पेश किया। विधेयक का उद्देश्य देश में आप्रवासन से जुड़े कानूनों को नए सिरे से परिभाषित करना है। विधेयक के अधिनियम बनने पर विदेशियों एवं अप्रवास से संबंधित मामलों के वर्तमान के चार अधिनियमों- विदेशी विषयक अधिनियम-1946 और आप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम-2000, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम-1939 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य केंद्र सरकार को भारत में प्रवेश करने और भारत से प्रस्थान करने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए कुछ शक्तियां प्रदान करना है। विधेयक को सदन के विचार के लिए प्रस्तुत किए जाने का कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी और तृणमूल कांग्रेस सदस्य सौगत राय ने विरोध किया। तिवारी ने कहा कि विधेयक संविधान में दिए मूलभूत अधिकारों से जुड़े कई अनुच्छेदों का उल्लंघन करता है। उन्होंने मांग की कि विधेयक को सरकार वापस ले या फिर इसे संयुक्त समिति को भेजे। तिवारी ने कहा कि विधेयक किसी विदेशी या भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत में प्रवेश से रोकने का अधिकार आप्रवासन अधिकारियों को देता है जिसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। वहीं सौगत राय ने गृहमंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधेयक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाले संस्थानों को विदेशियों के अपने यहां आने से जुड़ी जानकारी देना अनिवार्य करता है। विधेयक को प्रस्तुत किए जाने के विरोध में हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्रीय अनुसूची में होने के कारण संसद के पास इस तरह का विधेयक लाने की पूरा अधिकार है। यह विधेयक सुरक्षा के तहत भी जरूरी है। दुनिया में कहीं भी विदेशियों को प्रवेश से रोके जाने के खिलाफ

### राज्यसभा में खड़गे की टिप्पणी पर जेपी नड्डा जताया कड़ा विरोध, नेता प्रतिपक्ष ने मांगी माफी



राज्यसभा में मंगलवार को एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा संवाद देखने को मिला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक टिप्पणी पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कड़ा विरोध जताया और माफी की मांग की। इसके तुरंत बाद खड़गे ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणी उपसभापति हरिवंश के प्रति नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों के प्रति थी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इससे ठेस पहुंची है तो वह माफी मांगते हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की जानी थी। दिग्विजय सिंह के बोलने से पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सदन में हो रहे शोर-शराबे के बीच बोलने के लिए खड़े हुए।

लैंड फॉर जॉब

# सीबीआई से जुड़े मामले में लालू के बेटे तेज प्रताप व बेटी हेमा को जमानत

**नई दिल्ली (हि.स.)**



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में आरोपित और बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव और उनकी बेटी हेमा यादव को जमानत दे दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने दोनों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दिया है। कोर्ट ने इस मामले में 25 फरवरी को सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था और तेज प्रताप यादव व बेटी हेमा यादव को समन जारी किया था। समन जारी होने के बाद दोनों आज कोर्ट में पेश हुए थे। सीबीआई ने 7 जून 2024 को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी की ओर से अभी अभियोजन चलाने की अनुमति मिलना बाकी है। ईडी के मामले में कोर्ट ने 18 सितंबर 2024 को पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप समेत सात आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी के मामले में 7 मार्च 2024 को कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। ईडी के मामले में हाई कोर्ट आरोपित अमित कात्याल को जमानत दे चुका है।

इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज की थी। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 को तेजस्वी यादव, लालू और राबड़ी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी 2023 को इन तीनों समेत सभी रोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू, राबड़ी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

# हैदराबाद में दंपत्ति ने अपने दो बच्चों की हत्या कर आत्महत्या की

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



हैदराबाद में एक दंपत्ति ने कथित तौर पर आर्थिक तंगी के चलते अपने दो नाबालिग बच्चों की हत्या कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार रात उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हब्सीगुडा के रविंद्र नगर कॉलोनी में दंपत्ति के घर से चार शव बरामद किए। मृतकों की पहचान चंद्रशेखर रेड्डी (44), उनकी पत्नी कविता (35), बेटे विश्वन रेड्डी (10) और बेटी श्रीता रेड्डी (15) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, चंद्रशेखर रेड्डी और उनकी पत्नी कविता पर संदेह है कि उन्होंने पहले अपने बेटे और बेटी की गला घोंटकर हत्या की और फिर खुद भी फांसी लगा ली। श्रीता रेड्डी नौवीं कक्षा की छात्रा थी और विश्वन रेड्डी पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डायल 100 पर कॉल आने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पाया कि चंद्रशेखर और उसकी पत्नी के शव अलग-अलग कमरों में पड़े थे।

## पुलिस ने 172 लीटर नेपाली शराब, 3 बाइक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया** । जिले की पलासी थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन मोटरसाइकिल पर सवार तस्करों द्वारा तस्करी कर लाए जा रहे 172.2 लीटर नेपाली शराब बरामद किया। पुलिस की कार्रवाई में तीन मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया। वहीं एक तस्कर को पकड़ गया है। जबकि दो अन्य मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में पलासी थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की।

# रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी-लालू का क्या चलेगा : गिरिराज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के बयान को लेकर उन पर हमला बोला है। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को अहंकारी बताते हुए कहा कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, "तेजस्वी यादव अहंकार में हैं, उन्हें लगता है कि यहां 'लोकतंत्र' नहीं बल्कि 'राजतंत्र' है। वह संघर्ष करके राजनीति में नहीं आए हैं बल्कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह अहंकार न करें, क्योंकि रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी और लालू का अहंकार क्या चलेगा।

# हिंदुस्तान से मोहब्बत है तो होली से नफरत छोड़ना होगा : आचार्य प्रमोद

**गाजियाबाद (आईएएनएस)**



कल्कि धाम के पीठाधीश्वर और पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए होली पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर हिंदुस्तान से मोहब्बत करनी है, तो होली से नफरत करना छोड़ना होगा। इसके साथ ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता की धमकी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि धमकी देने का काम आतंकियों का होता है और भारत किसी से नहीं डरता। भारत आईएसआईएस से नहीं डरता, भारत हिजबुल मुजाहिदीन से नहीं डरता, भारत खालिस्तानियों से नहीं डरता।

भारत आतंकवादियों, दहशतगर्दों से ना डरा है और ना डरेगा। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदार लोगों से गुजारिश करना चाहता हूं कि इस मुल्क को डराने की कोशिश ना करें। यह मुल्क आपका है, आप इस मुल्क के हैं। आप इस मुल्क की मिट्टी में पैदा हुए हैं, इसी मुल्क की मिट्टी में दफनाए जाएंगे और मुल्क को धमकी देने वाला, वतन को धमकी देने वाला वतनपरस्त नहीं होता।

# राजस्थान के सिरोही में आदिवासी महिलाएं तैयार कर रहीं हर्बल गुलाल

**सिरोही (आईएएनएस)**



देशभर में रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। होली खेलने के लिए केमिकल मुक्त गुलाल की मांग होने लगी है। राजस्थान के सिरोही जिले में प्रशासन ने हर्बल रंगों की बिक्री के लिए विशेष केंद्र बनाए हैं। जिले में पलाश के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग बेचे जा रहे हैं। राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में भी प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ रही है। सिरोही जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र पिंडवाड़ा उपखंड के बसंतगढ़ में हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है, जो प्राकृतिक होने के कारण सुरक्षित भी है। यह काफी लोकप्रिय हो रहा है। सरकार की 'लखपति दीदी योजना' के तहत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के सहयोग से आदिवासी महिलाएं ये गुलाल बना रही हैं। इस गुलाल को बनाने के लिए पलाश के फूलों सहित प्राकृतिक सामग्री का उपयोग होता है, जो इसे हानिरहित और त्वचा के लिए सुरक्षित बनाता है। इस गुलाल की मांग राजस्थान के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी बढ़ रही है।

बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं इस कार्य से जुड़कर अपनी आजीविका के नए साधन बना रही हैं। यह कार्य न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उदाहरण बन रही है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। यह हर्बल गुलाल पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देता है और होली जैसे त्योहारों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद तरीके से मनाने का संदेश देता है।

# अंतिम लीग मैच से माकूल परिणाम पाने की कोशिश करेंगे हैदराबाद और केरला ब्लास्टर्स एफसी



**हैदराबाद(आईएएनएस)।** हैदराबाद एफसी बुधवार को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी, यह प्लेऑफ शुरू होने से पहले लीग दौर का अंतिम मुकाबला होगा, जिसमें शीर्ष छह की दौड़ से बाहर हो चुकी ये दोनों टीमें सकारात्मक परिणाम पाना चाहेंगी।

हैदराबाद एफसी 23 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 17 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में 12वें स्थान पर है। केरला ब्लास्टर्स एफसी 23 मैचों में आठ जीत, चार ड्रा और 11 हार से 28 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। हैदराबाद एफसी ने 7 नवंबर, 2024 को रिवर्स फिक्स्चर 2-1 से जीता था और ब्लास्टर्स पर अपना पहला लीग डबल पूरा करने के लिए उत्सुक होगी।

**हैदराबाद एफसी की लड़खड़ाती डिफेंस**

**कमजोर डिफेंस:** हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले दो आईएसएल मैच में से प्रत्येक में कई गोल खाए हैं, दोनों में हार का अंतर दो गोल रहा।

**लंबे समय तक पिछड़े रहे:** हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में अपने मैचों के दौरान 47.4% समय पीछे रहकर बिताया है, जो लीग में सबसे अधिक प्रतिशत है, और ब्लास्टर्स (31.4%) से 16 प्रतिशत अंक अधिक है।

ब्लास्टर्स की नजर बढ़त लेने पर है

**अवे गोल:** ब्लास्टर्स 22 फरवरी, 2025 को अपने पिछले अवे मैच में एफसी गोवा से 0-2 की हार के दौरान गोल नहीं कर पाए थे।

**क्लीन शीट:** केरला ब्लास्टर्स एफसी ने लगातार पांच मैचों तक गोल खाने के बाद मुम्बई सिटी एफसी पर 1-0 की जीत के दौरान क्लीन शीट रखी।

**आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 12 मुकाबले हुए हैं। हैदराबाद एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी ने क्रमशः पांच और छह मैच जीते हैं। एक मैच ड्रा रहा है।

**कोच कॉर्नर**

केरला ब्लास्टर्स एफसी के अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन ने चोट के मुद्दों को संभालने वाले रणनीतिकार के रूप में अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, हर टीम में चोट के कारण उतार-चढ़ाव आते हैं। मैं अभी इसको लेकर चिंतित नहीं हूं। हम सिर्फ आखिरी लीग मैच पर ध्यान दे रहे हैं। हैदराबाद एफसी के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने पूरे सीजन पर ईमानदारी से विचार रखे। उन्होंने कहा, पूरे सीजन में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है लेकिन हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है और हम उस पर ध्यान दे रहे हैं।

## मेरे कोच ने मुझे 'पहले डिफेंस' सीखने को कहा था : पंत

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उनकी अपरंपरागत खेल शैली और सहजता से छक्के मारने के कौशल के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है, लेकिन अपने शुरूआती क्रिकेट के दिनों में उन्हें अपने तत्कालीन कोच तारक सिन्हा द्वारा रक्षात्मक खेल सीखने के लिए मजबूर किया गया था।

पंत, जो भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, उन्हें भारत की खिताब जीतने वाली चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनके आगे चुना गया था।

अपने क्रिकेट के सफर का एक किस्सा साझा करते हुए, पंत ने बताया कि उनके कोच नेट्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर कैसे प्रतिक्रिया देते थे। पंत ने जियोहॉटस्टार पर कहा, जब मैंने रुड़की से आने के बाद खेलना शुरू किया, तो मैंने ज्यादातर लॉफ़्टेड शॉट खेले - लगभग 80% समय। मैं मैदान के साथ खेलने के बारे में नहीं सोचता था क्योंकि मैं पारी की शुरूआत करता था। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि अपने आयु वर्ग के खिलाफ खेलना सामान्य है, लेकिन अगर आप क्रिकेट में सुधार करना चाहते हैं, तो आपको बड़े खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। इसलिए, छोटी उम्र से ही, उन्होंने मुझे सीनियर टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

## खिताबी मुकाबले में हरियाणा और झारखंड आमने-सामने

एजेंसी

**पंचकूला।** हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी।

**हरियाणा की शानदार फॉर्म, सेमीफाइनल में दिखाया दम**

गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूनामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूनामेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**झारखंड की संघर्षपूर्ण राह, सेमीफाइनल में शूटआउट से फाइनल में पहुंची**

हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरूआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।

सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच शूटआउट में पहुंचा, जहां हॉकी झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर अंजलि भींजिया ने अहम भूमिका निभाई और महाराष्ट्र के तीन खिलाड़ियों के प्रयासों को नाकाम कर दिया। अलबेला रानी टोप्पो अब तक चार गोल कर चुकी हैं और फाइनल में अपनी गोल संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगी।

**कोचों की प्रतिक्रिया**

हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया। हमारा लक्ष्य आक्रामक हॉकी खेलना है और फाइनल में भी यही रणनीति रहेगी। झारखंड की टीम मजबूत है, लेकिन हम खिताब बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हॉकी झारखंड के कोच सुधीर गोला ने कहा, इस टूनामेंट में हमारी टीम ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया है। हरियाणा एक मजबूत टीम है, लेकिन हमारे खिलाड़ी भी आत्मविश्वास से भरपूर हैं और खिताब जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे।

अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या हॉकी हरियाणा अपने खिताब का बचाव कर पाएगी या फिर हॉकी झारखंड पहली बार चैंपियन बनेगी।



1 गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है।

2 हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया।

## भारत के कुश मैनी अल्पाइन टीम के लिए टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर के रूप में नामित




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** कुश मैनी 2012 के बाद से फॉमूर्ला 1 में पहले भारतीय ड्राइवर बन गए हैं, जो 2025 सीजन के लिए बीडब्ल्यूटी अल्पाइन फॉमूर्ला 1 टीम के नवीनतम टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर के रूप में शामिल हुए हैं। इससे वे फॉमूर्ला 2 चैंपियनशिप में सक्रिय रूप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एकमात्र अल्पाइन एफ1 रिजर्व ड्राइवर बन गए हैं, जहां वे डैम्स लुकास ऑयल के लिए रेस करेंगे। मैनी की घोषणा से किसी भारतीय प्रतिभा के एफ1 टीम का हिस्सा बनने के 13 साल के अंतराल का अंत हो गया है। अपनी भूमिका के हिस्से के रूप में, 24 वर्षीय यह खिलाड़ी स्क्वाड के एनस्टोन बेस पर ड्राइवर-इन-लूप सिम्युलेटर का उपयोग करेगा, ताकि उनके कार विकास और सेट-अप उद्देश्यों का समर्थन किया जा सके, साथ ही अपने कौशल में सुधार जारी रखने के लिए टीपीसी कार्यक्रम (पिछली कारों का परीक्षण) में भाग लिया जा सके। मैनी अल्पाइन में रिजर्व ड्राइवरों के समूह में शामिल हो गए हैं, जिसमें पॉल एरन, रियो हिराकावा और पूर्व विलियम्स सुपर-सब फ्रेंको कोलापिंटो भी शामिल हैं। मैनी पहली बार अक्टूबर 2023 में अल्पाइन अकादमी में शामिल हुए थे, उसके बाद 2024 एफ2 सीजन में रेस में भाग लिया, जिसके दौरान उन्होंने बुडापेस्ट में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम स्कोर किए।

## अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता

**इंडियन वेल्स(आईएएनएस)।** कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया। अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली।

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल हुए

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले फ्रेंचाइजी टीम में मंगलवार को शामिल हो गए। पांड्या दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिताब जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आठ टीमों के टूनामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। मुंबई इंडियंस ने एक्स पर अपने कप्तान की एक तस्वीर साझा की और पोस्ट पर कैप्शन दिया, द गन हैज अराइव। पांड्या ने अपने ऑलराउंड कौशल से टूर्नामेंट में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 31 वर्षीय पांड्या ने चार स्पिनरों के साथ जाने की भारत की रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि उन्होंने नंबर 7 पर आते हुए अपने बल्ले से कुछ मैच जीतने वाली पारियां भी खेलीं।



आईपीएल 2024 सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका पहला सीजन था, लेकिन यह उनके लिए अच्छा नहीं रहा क्योंकि 14 मैचों में से चार जीत के साथ मुंबई स्टैंडिंग में सबसे निचले स्थान पर रही। ऑलराउंडर को आगामी सीजन में बेहतर परिणाम की उम्मीद होगी। हालांकि, पांड्या पिछले संस्करण के अंत में एक मैच के निलंबन के कारण 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एमआई के शुरूआती मैच से चूकने वाले हैं।

## आईपीएल 2025 का पहला हाफ मिस करेंगे मयंक यादव

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर रहेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मयंक पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी करना फिर से शुरू किया है, जहां वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू करने के बाद चोटिल हो गए थे। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन यदि वे सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी के वर्कलोड को बढ़ाते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। मयंक का टूनामेंट के पहले हाफ में अनुपलब्ध रहना एलएसजी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। यह मयंक की सैलरी में एक बड़ा उछाल था क्योंकि 2024 सीजन से पहले एक अनकैप्ड तेज गेंदबाज के रूप में उन्हें केवल 20 लाख रुपये में खरीदा गया था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एयरटेल ने भारत में स्टारलिंक को लाने के लिए मस्क के स्पेसएक्स के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने एलन मस्क की फर्म स्पेसएक्स के साथ स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विसेज को भारत में लाने के लिए एग्रीमेंट किया है। यह भारत में साइन होने वाला पहला समझौता है, जो देश में स्टारलिंक को बेचने के लिए स्पेसएक्स को अनुमति प्राप्त करने के अधीन है। एयरटेल और स्पेसएक्स, स्टारलिंक के डिवाइस एयरटेल के रिटेल स्टोर्स के माध्यम से ग्राहकों को पेश करने और सर्विसेज उपलब्ध कराने की संभावनाएं तलाशेंगे। कंपनी ने कहा कि एयरटेल और स्पेसएक्स यह भी पता लगाएंगे कि स्टारलिंक एयरटेल नेटवर्क का विस्तार कैसे कर सकता है और साथ ही इस एग्रीमेंट के तहत यह जानने की कोशिश की जाएगी कि कैसे स्पेसएक्स भारत में एयरटेल के ग्राउंड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षमताओं का उपयोग करके उनसे लाभ उठा सकता है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा, भारत में एयरटेल ग्राहकों को स्टारलिंक की पेशकश करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम उन अविश्वसनीय और प्रेरक चीजों से लगातार चकित होते हैं जो लोग, व्यवसाय और संगठन तब करते हैं जब वे स्टारलिंक के माध्यम से जुड़ते हैं। स्टारलिंक पूरी दुनिया में यूजर्स को हाई-स्पीड, लो-लेटेंसी वाला इंटरनेट प्रदान करता है।




**शॉटवेल ने कहा**

हम एयरटेल के साथ काम करने और स्टारलिंक द्वारा भारत के लोगों के लिए लाए जा सकने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव को सामने लाने के लिए उत्साहित हैं।

## भारत में पिछले 5 वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में पिछले पांच वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मर्सर मार्श बेनिफिट्स (एमएमबी) की रिपोर्ट से पता चला है कि देश में वर्कफोर्स बढ़ने के बावजूद, कंपनियां कर्मचारियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए लाभों को दोबारा खोज रही हैं। वैधानिक प्रावधानों से परे, कंपनियां फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस प्लान जैसे इनोवेटिव सॉल्यूशन पेश कर रही हैं। इंक्लूसिव कवरेज ऑप्शन पैरेंट्स कवर, भाई-बहन कवर और वेलनेस प्रोग्राम और फाइनेंशियल प्लानिंग टूल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में टॉप टैलेंट को आकर्षित करने और बनाए रखने में भी मदद करते हैं। मर्सर मार्श बेनिफिट्स इंडिया लीडर के प्रबंध निदेशक प्रवाल कलिता ने कहा, भारत में कर्मचारी लाभ अब केवल हेल्थकेयर कवरेज तक सीमित नहीं रह गए हैं।

## भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बन जाएगा : रिपोर्ट

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की लेटेस्ट ह्यइंडिया वेब3 लैंडस्केप रिपोर्ट से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े। यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं। विकास के लोकप्रिय क्षेत्रों में गेमिंग, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), विकेंद्रीकृत वित्त और रियल-वर्ल्ड एसेट शामिल हैं। भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। हालांकि, वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं ताकि छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से जल्द परिचित करवाया जा सके। हैशेड इमर्जेंट के सीईओ और मैनेजिंग पार्टनर टाक ली ने कहा, देश की तकनीक को लेकर तेजी से आगे बढ़ने की योग्यता, उद्यमशीलता की भावना और डिजिटल अपनाने का अनूठा मिश्रण प्रगति को गति दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब हम नए सिरे से खुदरा भागीदारी, निवेशकों के रुझान में बदलाव और उद्यमों और सरकार द्वारा वेब3 सॉल्यूशन के डीपर इंटीग्रेशन को देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पिछले साल, हमने वेब3 अपनाने में भारत के ग्लोबल लीडरशिप को नोटिस किया और आज यह भारतीय इनोवेटर्स की लीडरशिप में ठोस प्रगति में बदल रहा है।




भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है।

## पिछले पांच वर्षों से कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या लगातार बढ़ रही : केंद्रीय मंत्री

- सीजीएसएस का संचालन नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाता है और इसे एक अप्रैल, 2023 से चालू किया गया है : **केंद्रीय मंत्री**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हर साल कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त नई संस्थाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ रही है। स्टार्टअप की यह संख्या 2020 में 204 से बढ़कर 2023 में 703 और 2024 में 765 हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में पेश की गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत सरकार तीन प्रमुख योजनाओं, स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएस) को लागू कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य अलग-अलग कैटेगरी और सेक्टर के स्टार्टअप को उनके बिजनेस साइकल के अलग-अलग स्टेज में सपोर्ट करना है। वेंचर कैपिटल निवेश को कैटालाइज करने के लिए 2016 में एफएफएस को मंजूरी दी गई और स्थापित किया गया और इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा किया जाता है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी रजिस्टर्ड अल्टरनेटिव इंवेस्टमेंट फंड को पूंजी प्रदान करता है, जो बदले में स्टार्टअप में निवेश करते हैं। एफएफएस के तहत समर्थित एआईएफ को स्टार्टअप में एफएफएस के तहत प्रतिबद्ध राशि का कम से कम दो गुना निवेश करना आवश्यक है। एसआईएसएफएस इनक्यूबेटरों के माध्यम से सीड स्टेज स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जबकि सीजीएसएस एलिजिबल वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्टार्टअप को कोलेटरल फ्री लोन उपलब्ध करवाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीजीएसएस का संचालन नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाता है और इसे 1 अप्रैल, 2023 से चालू किया गया है।



## एशिया में 'भारत' सबसे बेहतर स्थिति में है : मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** मॉर्गन स्टेनली की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 'व्यापार तनाव' एशिया के विकास में बाधा बने रहेंगे, लेकिन इस पृष्ठभूमि में कम माल निर्यात, मजबूत सेवा निर्यात और घरेलू मांग के लिए पॉलिसी सपोर्ट की वजह से 'भारत' अभी भी इस क्षेत्र में सबसे बेहतर स्थिति में है। राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों में अनावश्यक रूप से दोहरी सख्ती को वापस लेने से भारत में सुधार को गति मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹मौद्रिक ढील तीन मोर्चों रेट्स, लिक्विडिटी इंजेक्शन और विनियामक ढील पर पूरी तरह से लागू हो रही है। 'व्यापार तनाव' क्षेत्र के व्यापार परिदृश्य को प्रभावित करेगा, लेकिन भारत अपने कम माल निर्यात और जीडीपी अनुपात के कारण कम जोखिम में है। इस बीच, पॉलिसी सपोर्ट जो इसके घरेलू मांग आउटलुक को बदल देगा, भारत को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगा। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा मानना है कि आने वाले महीनों में सुधार जारी रहेगा। हाल ही के आंकड़ों में पहले से ही सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं।

## बनवारा गांव में अतिक्रमण के खिलाफ प्रखंड प्रशासन ने चलाया अभियान



**चतरा (हि.स.)।** प्रखंड प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ बनवारा गांव में अभियान चलाया। अंचलाधिकारी उदल राम के नेतृत्व में बनवारा मोड में एक सरकारी चापाकल और सरकारी कूप को अतिक्रमण मुक्त किया गया। ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त को आवेदन देकर अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। उपायुक्त से मिले निर्देश के बाद सीओ ने कार्रवाई करते हुए सरकारी चापाकल और कूप को अतिक्रमण मुक्त करा दिया है। चापाकल और कूप को चारदिवारी से घेर दिया गया था। जेसीबी मशीन से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस मौके पर पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।

24 घटें के अंदर नेतरहाट पुलिस ने सोहरपाठ में हुए नाबालिग के हत्याकांड का किया खुलासा

# हत्याकांड में दो नाबालिग थे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना अंतर्गत सोहरपाठ के चन्द्रशेखर मुण्डा ने नेतरहाट थाने में आवेदन देकर अपनी भतीजी अनुपम सारस अज्ञात द्वारा अपहरण कर दिये जाने को प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।इस लेकर नेतरहाट थाना में कांड संख्या 8/2025 दिनांक 8 मार्च धारा 96/137(2)बीएमएस दर्ज की गई थी।

आवेदन में बताया गया कि अनुपम सारस पिता दीपक मुण्डा 26 फरवरी को सुबह सात बजे अपनी मां मालती देवी एंव छोटी बहन अनिशा सारस को यह बोले कर घर से निकली थी की गांव के दो सहेली के बुलाने पर टांगीनाथ धाम मेला देखने जा रहे कह घर से निकल गई। काफी देर होने के बाद परिजनों ने खोजबीन की। नहीं मिलने पर थाने में आवेदन दर्ज कराई। 13 दिन बाद नेतरहाट पुलिस ने दिन रविवार को सोहरपाठ के छाता पत्थर कटहल टोली के जंगल से विक्षिप्त एंव सड़े गले व ककांल की अवस्था शव पाया था। जिसकी पहचान परिजनों द्वारा अनुपम सारस के रूप में की।

बताया जा रहा की प्रेम-प्रसंग को लेकर हुई हत्या




नेतरहाट पुलिस ने हत्याकांड के खुलासे को लेकर सुचना के आधार पर अनुपम सारस के हत्यारे की खोजबीन कारवाई के क्रम अनुसंधान के दौरान मोबाईल सीडीआर जांच के आधार पर संदिग्धों की जांच कर पुछताछ किया गया। जिसमें गांव के ही दो नाबालिग युवती ने अपना अपना अपराध स्वीकार करते हुए इनकी निशानदेही पर मृतिका का मोबाईल, शॉल, एंव जिस पत्थर से मृतिका को गंभीर चोट पंहुचाते हुए हत्या की गई थी। घटनास्थल से बरामद की। ग्रामीणों ने बताया की प्रेम प्रसंग के कारण हत्याकांड हुई थी। इस हत्याकांड खुलासे में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, पुअनी कमाता कुमार, महुआडांड़ महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी के साथ सैट138 आईआरबी,नेतरहाट थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## मजदूरी करने जा रहा है युवक भालू ने किया हमला

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दिन मंगलवार गड़बुढ़नी पंचायत के करकट निवासी छात्र पति मुंडा पिता सुखदेव मुंडा उम्र 35 वर्ष अपने घर से पटाआम्बा काम करने जा रह था। इसी दौरान दो जंगली भालू ने मजदूर पर हमला कर दिया। मजदूर के पास कुल्हाड़ी होने से 15 मिनट तक दोनों भालू से लड़कर जान बचाई। इस लड़ाई में मजदूर के दाये पर भालू ने हमले दांत से काट दिया। जिससे वह घायल हो गया। वही ग्रामीण के मदद से उन्हें महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अमित खलखो द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल की सूचना पाकर वन विभाग के कर्मी ने मौके में पहुंच कर मुआवजा के प्रक्रिया शुरू कर दी। वन पाल कुंवर गंझू ने बताया कि प्रक्रिया के तहत उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# अपराधियों ने दो हाईवा व एक पोकलेन में लगाई आग, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में आग लगा दी। घटना जगदीशपुर में हुई। हाइवा और पोकलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। घटना सोमवार रात की है।



जानकारी के अनुसार सात से आठ की संख्या में आए अपराधियों ने जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के पास लगाए गए एक पोकलेन,दो हाइवा में आग लगा दी। तीनों वाहन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। आग लगाने से पहले हाइवा और पोकलेन में मौजूद मजदूरों को धमकाया और उन्हें वहां से हटाकर आग लगा दी गई। तीनों वाहन हरिहरगंज के तेंदुआ से कुल्हिया इलाके तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे थे। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग फरार हो गए है।



हरिहरगंज के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मंगलवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे किनका हाथ है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रही है।

दरअसल, जिस इलाके में यह घटना हुई, वह बिहार सीमा से सटा हुआ है। घटना के पीछे अपराधी शामिल हैं या नक्सली यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण कंपनी के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के पहले किसी तरह की लेवी की मांग की गयी थी या नहीं इस एंगल पर भी जांच हो रही है।

खरौंधी में हर्बल गुलाल का शुभारंभ, बीडीओ बोले

## महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सराहनीय पहल



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तहत ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का शुभारंभ मंगलवार को पंचायत परिसर खरौंधी में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी (इऊद्ब) रविंद्र कुमार ने फीता काटकर स्टॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, जो एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करें, जिससे उनकी आजीविका सशक्त हो सके।बीपीएम मोनिका, सामुदायिक समन्वयक सुमन लकड़ा, एडमिन सोनू आशीष, जेआरपी सुनीता देवी, सत्यवंती देवी, सीमा कुमारी, रेनू देवी, अनीता देवी, राधिका भारती, देवेंद्र कुमार, विकास कुमार और राजा बाबू समेत अन्य कई लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की सराहना की और इसे पर्यावरण के अनुकूल एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित बताया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि हर्बल गुलाल बनाने से न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि समाज में प्राकृतिक और सुरक्षित उत्पादों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह पहल उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है।

सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा बैठक, बोले उपायुक्त

# पेंशन योजना से शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को आच्छादित करें : उत्कर्ष

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रम वार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अजय कच्छप के द्वारा उपायुक्त को वर्तमान में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना (एनएफबीएस) ,झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों को दिए जा रहे हैं लाभ की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने तथा बचे हुए लाभुकों के आधार एवं मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अजय कच्छप, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।




### सीएमआर की आपूर्ति समय पर करने का निर्देश

सीएमआर की आपूर्ति की धीमी गति पर नाराजगी जताई उपायुक्त लातेहार खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 में अधिप्राप्ति धान के सीएमआर की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। समीक्षा के क्रम में जिले में अबतक मात्र 47% सीएमआर आपूर्ति पर उपायुक्त ने काफी नाराजगी व्यक्त की। मिलर आरडीएस एंड संस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सीएमआर (चावल) आपूर्ति में शिथिलता को देखते हुए 15 दिनों के अंदर तक सभी संबद्ध पैक्सों के सीएमआर की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सीएमआर आपूर्ति करने में विफल होने पर मिलर व पैक्सों की भौतिक सत्यापन कराते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### जिला नियोजनालय एवं श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

लातेहार की अध्यक्षता में जिला नियोजनालय, श्रम विभाग एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-चंदवा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-महुआडाड़, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह के प्रशिक्षण प्रभारी प्राचार्य ने अपने अपने संस्थान के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए नामांकन एवं अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया।

## आवास के लिए एक वर्ष से विधवा महिला लगा रही है प्रखंड कार्यालय का चक्कर




**मेराल।** लातदाग गांव के ठेकहा टोला के विधवा महिला 1वर्ष से अबुआ के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगा रही है लेकिन पूरे प्रखंड के संबंधित विभाग के लोग उसका शुद्ध लेने को तैयार नहीं है। ठेकहा टोला निवासी रंभा कुंवर पति स्वर्गीय सुनील राम ने बताया कि अबुआ आवास के लिए एक वर्ष से विडियो, आवास कोऑर्डिनेटर पंचायत सचिव मुखिया के पास जाकर चक्कर लगा रही हैं लेकिन अभी तक अबुआ आवास के लिए आश्वासन ही दिया जाता रहा है जबकि वरीयता सूची में एससी कैटिगरी के सीरियल नंबर 23पर मेरा नाम अंकित है। जबकि हमसे ऊपर वाले सीरियल नंबर के लोगों को आवास का लाभ दिया गया है। विधवा महिला रंभा कुंवर ने बताया कि मेरे पति को कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई है उसके बाद से माली हालत काफी दयनीय हो गया है दो मासूम बच्चे हैं एक का उम्र 8 वर्ष तथा दूसरे का उम्र 5 वर्ष है इसलिए उनका पढ़ाई से लेकर भरण पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। मेरा कच्चा का मकान का स्थिति भी काफी जर्जर है। मकान की स्थिति देखी जा सकती है उन्होंने बताया कि सुविधा शुल्क नहीं देने के कारण मेरा अबुआ आवास अभी तक नहीं हो पाया है। न्याय की आस लगाए दर-दर भटक रही हूं। इस संबंध में विडियो सतीश भगत से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वह विधवा महिला मेरे पास आई थी, आश्वाशन दिया गया है।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान मेला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।इस आयोजन का प्रारम्भ जिलाध्यक्षा शांति देवी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम युवा नेता रोहित वर्मा ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। इस मौके पर किसानो को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्षा शांति देवी ने कहा की इस मेला के आयोजन का उद्देश्य है किसानो को सम्मानित करना जिनके द्वारा उन्नत कृषि तकनीक को अपना कर फसल की अच्छी उत्पादन करते है और क्षेत्र की आर्थिक रूप से मजबूत करते है साथ ही इस कार्य में अर्ध रोजगार भी लोगो को मिलता है। कृषि की उन्नत विधि अपनाकर किसान अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। कृषि मेला को सम्बोधित करते हुए सिओ विकास पाण्डेय ने कहा की हमारा देश कृषि प्रधान है और कृषि लोगो का जीवन यापन का मुख्य श्रोत है, आज भी लोग प्राचीन कृषि विधि से ही खेती करते है जिससे लाभ नहीं होता है और मौसम पर निर्भर होने से मौसम अनुकूल रहा तो कृषि उपज ठीक होती है लेकिन समय के साथ अब किसानो को आधुनिक कृषि विधि अपना कर सिंचाई करना चाहिए इसके लिए सरकार द्वारा भी कृषि सम्बन्धित योजनाए चलाया जा रहा है जिसका लाभ किसान ले सकते है। बिटीएम रंजीत कुमार सिंह ने बताया की इस किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में प्रखंड के सैकड़ो किसानो ने स्टाल लगाकर उपजायें गये अपनी फसल का प्रदर्शन किया जिसमे बेहतर फसल के आधार पर चुने गये 150 किसानो को खुरपी और हसुआ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल, सभी प्रखंड कर्मी प्रमुख पति अजीत कुमार, मुखिया पति विरंची पासवान, बुल्का मुखिया अनीता देवी, उप प्रमुख खादीजा बीबी एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान योजना की 7500 की राशि से वंचित महिलाएं पहुंचीं प्रखंड कार्यालय

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय कांडी में कई गांव की मंईयां सम्मान योजना की 7500 की राशि से वंचित सैकड़ो महिलाएं अपनी शिकायत लेकर मंगलवार को पहुँची लेकिन प्रखंड कार्यालय मे समस्या सुनने के लिए भी कोई तैयार नही है। जिला विधिक सहायता केंद्र प्रखंड कांडी के संचालक पीएलवी राम नरेश मेहता को महिलाओं ने बताया की झारखंड मुख्य मंत्री मंईयां सम्मान योजना की एकमुस्त तीन किस्त 7500 रुपए 08 मार्च 2025 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ही झारखंड राज्य के गढ़वा समेत कई जिलों के लाभुकों के खाते में भेज दिया गया। परन्तु योग्य लाभूक होने के बावजूद इन लोगों को पैसें नहीं मिले जबकी इनके आस-पड़ोस के महिलाओ को मुख्य मंत्री मईयां सम्मान योजना के एकमुस्त 7500 रुपए की राशि 08 और 09 मार्च को ही मिल चुका है।

चुकी मीडिया और खबरों मे बातें सामने आ रही हैं की लाखों महिलाओ का नाम मंईयां सम्मान योजना से काटा गया है जिससे इन लाभुकों में भ्रम जैसी स्थिति है कि कहीं इनलोगों का नाम भी बिना जाँच किये और बिन बताये हटा दिया गया हो। प्रखंड कार्यालय आने पर भी कोई जानकारी नही मिल रहा है जिससे इन महिलाएं निराश और हतोत्साहित है। पीएलवी राम नरेश मेहता के साथ साथ पीएलवी परशु राम, कृष्णा यादव और नवनीत कुमार दुबे उपस्थित थे और बताया की होली तक सभी उचित लाभुकों को पैसें देने के लिए सरकार कही है और मुख्य मंत्री मईयां सम्मान योजना राज्य का एक महत्वपूर्ण योजना है इसलिए बिना उचित जाँच किये किसी भी लाभुक को वंचित नहीं किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने वाले महिलाओं में सड़की गांव की आशा देवी, नीलम देवी, सविता देवी, रपुरा की दुर्गा देवी, सरस्वती देवी, पतरिया की कौशल्या देवी, सविता देवी, कोरगाई की कविता देवी, तारा देवी, हरीगांवा की सोनम देवी सहित सैकड़ों अन्य शामिल हैं।




### मंईयां योजना के लाभुकों ने सरकार को सराहा, विधवा व बुजुर्ग महिलाओं ने जताई नाराजगी

**केतार।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों ने होली पर्व के अवसर पर सरकार से मिले 7500 रुपए उपहार पर वर्तमान झारखंड सरकार की प्रशंसा की है। लेकिन विधवा और बुजुर्ग महिलाओं ने इस पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह सरकार की कैसी महिला सशक्तिकरण है जहां विधवाओं को होली का उपहार में एक हजार रुपये दिए जाते हैं तो वहीं परिवार से परिपूर्ण महिलाओं को 7500 रुपए मिलता है। विधवा महिलाओं ने सरकार से अपील की है कि वे उनकी स्थिति को समझें और उन्हें समान रूप से लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विधवा के साथ सरकार अन्याय कर रही है। उन्हें कम पैसे दिए जा रहे हैं जबकि उनका कोई सहारा नहीं है। इसके अलावा मईयां सम्मान योजना के कई लाभुकों ने भी नाराजगी जताई है कि उनके खाते में इस बार पैसा नहीं आया है। जिससे उनकी होली फीकी पड़ जाएगी। मंईयां योजना के लाभ से वंचित महिलाओं ने कहा है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए। सभी महिलाओं को एक साथ पैसे देनी चाहिए। ज्ञात हो कि महिला सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से प्रखंड कि महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही है।

## जलमीनार से वर्षो बाद भी पानी नहीं पहुंचने से ग्रामीण ने जताया आक्रोश

- *कजरूखुर्द में जल नल योजना के तहत जलमीनार का काम अधूरा पड़ा है*
- *ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए विरोध जताया है*

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप पंचायत के कजरूखुर्द में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर सौर ऊर्जा आधारित एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत लगा जल मीनार का कार्य वर्षों बाद भी अधूरा पड़ा है। लाखों रुपए खर्च कर यह जल मीनार इसलिए लगाया गया था ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पीने योग्य पानी पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंचा जा सके परंतु इसके विपरीत कजरूखुर्द में लोगों के घर-घर नल तो लगा दिया गया, परंतु उसमें जल ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है की जबसे यह टंकी बना है तबसे ना तो इसमें मोटर लगा ना हीं पानी चालू हो सका, बताते चले की ग्राम कजरू खुर्द का सिबांडीह टोला बिल्कुल ड्राई जोन एरिया है फिर भी आज तक यहां के लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की जा सकी। हालांकि इससे पूर्व भी पांडू प्रखंड की जल मीनार से संबंधित खबरें प्रकाशित की जा चुकी है परंतु विभागीय पदाधिकारी की उदासीनता के कारण आज तक इस पर शुद्ध नहीं लिया जा सका।अब देखना यह होगा की खबर के बाद विभाग एंव संवेदक की नींद खुलती है या इसी तरह सिर्फ कागजों में हीं जलमीनार का कार्य सिमट कर रह जाएगा। हालांकि कई ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत उपायुक्त पलामू से करने की बात कही है।



## चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार पर हैदरनगर में ओपीडी सेवा ठप



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सोमवार की देर शाम एक महिला रोगी के निधन पर मृतका और ग्रामीणों का गुस्सा उबलता रहा। उग्र ग्रामीणों को देख एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इसके बाद चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के दुर्व्यवहार से मंगलवार को आपातकालीन सेवा छोड़ ओपीडी सभी सेवाएं ठप कर दी गई। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैदरनगर में भी मंगलवार को निर्धारित अपराह्न तीन बजे तक ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप रहने से क्षेत्र के मरीजों को निजी चिकित्सकों के पास भटकना पड़ा है। स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार के नेतृत्व में अस्पताल बंद कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के मुख्य गेट पर स्वास्थ्यकर्मियों का दल धरना पर बैठ गए। उन्होंने सभी पीएचसी व स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी इस हड़ताल पर रहकर समुचित देने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके साथ आए दिन दुर्व्यवहार को देखते हुए उनकी सुरक्षा व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# गर्मी के मौसम में भी नहीं सूखती है, प्राकृतिक जलस्त्रोत सीताचुआं

- *पिकनिक स्पॉट के रूप में मिली पहचान, मगर नहीं हो सका है, सौंदर्यीकरण और विकास*

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** जंगलों-पहाड़ों के बीच महुडंड रोड में प्रकृति प्रदत्त जलस्त्रोत सीताचुआं भयंकर गर्मी में भी नहीं सूखती है। एक विशालकाय चट्टानी टीले के नीचे से निरंतर बहती रहती सीताचुंआं गर्मी के दिनों में राहगीरों,जंगली जानवरों, चरवाहों और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आती है। पिकनिक टाइम में खासकर, दिसंबर-जनवरी में लोगों का जमावड़ा भी लगता है। मोहम्मदगंज-महुडंड पठारी सड़क के पीएमजीएसवाई से बन जाने के कारण वहां पहुंचना आसान हो गया है। इसी सड़क में प्रखंड मुख्यालय से 7 किमी की दूरी पर बनी पुलिया के पास सीताचुआं अवस्थित है। इसका उद्गम स्थल कहां है, इसका रहस्य आज भी बना हुआ है।



### सीताचुआं नाम को लेकर प्रचलित किंवदंती

इसे सीताचुआं के नाम से क्यों जाना जाता है, इसके दस्तावेजी प्रमाण तो नहीं मिलते हैं, मगर किंवदंतियों में वनगमन के दौरान भगवान श्रीराम और सीता माता के इस क्षेत्र में भी भ्रमण करने की चर्चा की जाती है। कहा जाता है कि इसी दौरान पानी की जरूरत पूरी करने के लिए इस जलस्त्रोत का इजाद किया गया होगा, हो सकता है। लोगों का कहना है जैसा कि भीमचूल्हा के महाभारत काल से जुड़ने की किंवदंतियों के आधार पर सूर्खियों में आने के बाद पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है, उसी प्रकार सीताचुंआं को भी इसे महत्व को देखते हुए विकसित और संरक्षित किया जाना चाहिए। लोगों का कहना है कि निरंतर जल प्रवाह और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य से यह स्थान मनमोहक लगता है। इसके पहाड़ी टीले पर बरगद की छांव तले खासकर, गर्मी में परेशान हाल राहगीरों को विश्राम करने से राहत मिलती है। इसके सीताचुआं नाम की एक वजह लोग यहां शीतल जल और छाया का होना भी बताते हैं।

## पेज एक के शेष

### कुख्यात गैंगस्टर अमन...

इसी अफरातफरी के बीच अमन साहू ने एक पुलिस जवान की इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की, लेकिन एटीएस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इस हमले में एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। मुठभेड़ के बाद पुलिस को घटनास्थल से बम, खाली कारतूस और फटे हुए बम के अवशेष मिले हैं। फॉरेंसिक टीम, बीडीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वॉड) और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे इलाके की जांच की गई। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अमन साहू के फरार गुर्गों की तलाश के लिए पुलिस अभियान चला रही है। मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन ने बताया कि अभी अनुसंधान चल रहा है। अनुसंधान के बाद बहुत सारी बातें सामने आएंगी। हमला करने वाले में कितने लोग शामिल थे, के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। यह सब अनुसंधान के दौरान स्पष्ट होगा। पुलिस अपना काम कर रही है।

### अरविंद केजरीवाल के...

अदालत का यह आदेश विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल की ह्यआपह्न पार्टी के सत्ता से बाहर होने के कुछ सप्ताह बाद आया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल, पूर्व ह्यआपह्न विधायक सिंह और द्वारका पार्षद शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। ज्ञात हो कि दिल्ली में 10 साल से ज्यादा समय तक ह्यआपह्न की सरकार रही है। इस दौरान भाजपा ने बार-बार आम आदमी पार्टी पर प्रचार के लिए जनता के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। पिछले साल जनवरी में सूचना एवं प्रचार निदेशालय ने भी ह्यआपह्न से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए कथित तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए ब्याज सहित 163.62 करोड़ रुपए वापस करने को कहा था।

# मॉरीशस पहुंचते ही भोजपुरी अंदाज में दिखे मोदी, गर्मजोशी से हुआ पीएम का स्वागत

**पोर्ट लुईस (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका खास अंदाज में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी के स्वागत में पारंपरिक भोजपुरी म्यूजिक ग्रुप 'गीत गवई' का शानदार प्रदर्शन किया गया। महिलाओं ने उनके सामने भोजपुरी में लोकगीत गाकर उनके स्वागत को और खास बना दिया। 'गीत गवई' मॉरीशस में भारतीय प्रवासियों के लिए गहरा सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह संगीत पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है और मॉरीशस में भारतीय मूल के समुदाय के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसका भारत से गहरा संबंध है। इस बहुमूल्य संगीत परंपरा को दिसंबर 2016 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, जब इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भोजपुरी में एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, ''मॉरीशस में यादगार स्वागत भइल। सबसे खास रहल गहिरा सांस्कृतिक जुड़ाव, जवन गीत-गवई के प्रदर्शन में देखे के मिलल। ई सराहनीय बा कि महान भोजपुरी भाषा मॉरीशस के संस्कृति में आजुओ फलत-फूलत बा और मॉरीशस के संस्कृति में अबहियो जीवंत बा। इसके अलावा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी एक्स पर एक वीडियो शेयर कर भोजपुरी में पीएम मोदी के कार्यक्रम की जानकारी दी।

> विदेश विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार का दिन काफी अहम रहने वाला है, क्योंकि 12 मार्च को मॉरिशस अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा और इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मॉरिशस पहुंच गए हैं। आज (मंगलवार) सुबह एयरपोर्ट पर उनका स्वागत काफी धूमधाम से किया गया। मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम समेत अन्य अधिकारियों ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। इससे पता चलता है कि भारत और मॉरिशस का रिश्ता कितना अटूट है।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी आज कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सबसे पहले वह मॉरिशस के इतिहास के दो अग्रणी नेताओं शिवसागर रामगुलाम और अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मॉरिशस के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी की बैठक होगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी के सम्मान में मॉरिशस के राष्ट्रपति ने राजकीय भोज का आयोजन किया है। इसके बाद पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी और नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच मंगलवार शाम को वार्ता होगी। मॉरिशस के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के सम्मान में रात्रिभोज रखा है।

## 'महाकुंभ का जल, बिहार का सुपरफूड, बनारसी साड़ी', पीएम मोदी ने मॉरिशस के राष्ट्रपति को दिए खास उपहार



**पोर्ट लुईस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के दौरे के क्रम में राष्ट्रपति धरम गोखूल और उनकी पत्नी को खास उपहार भेंट किए हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति गोखूल को कांसे और पीतल के बर्तन में महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। वहीं, पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति गोखूल की पत्नी को उपहार के तौर पर बनारसी साड़ी भेंट की। इसके अलावा उन्होंने बिहार का मशहूर सुपरफूड मखाना भी दिया। इसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति की पत्नी को भेंट की बनारसी साड़ी विलासिता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो अपने बेहतरीन रेशम, जटिल ब्रोकेड और भव्य जरी के काम के लिए जानी जाती है। यह शानदार साड़ी रॉयल ब्लू रंग में आती है, जो चांदी की जरी की आकृति और शानदार पल्लू से सजी है, जो इसे शादियों, त्योहारों और भव्य समारोहों के लिए आदर्श बनाती है।

इस साड़ी के साथ गुजरात से आया एक सादेली बॉक्स भी है, इसमें जटिल जड़ाऊ काम है, जिसे कीमती साड़ियों, गहनों या यादगार चीजों को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा भी लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''प्रकृति, मातृत्व और स्थिरता को श्रद्धांजलि, 'एक पेड़ मां के नाम' में भाग लेने के लिए मेरे मित्र, प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगुलाम के हृदय से किए गए कार्य से मैं अभिभूत हूं।

### पाकिस्तान में ट्रेन पर हमला

# बीएलए का दावा, 100 से अधिक लोगों को बनाया बंधक

**क्वेटा/पाकिस्तान (आईएएनएस)**



सांकेतिक चित्र

पाकिस्तान में अलगाववादी उग्रवादियों ने मंगलवार को सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी की। जाफर एक्सप्रेस की नौ बोगियों में लगभग 400 यात्री सवार थे। यह ट्रेन दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर गोलीबारी की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हमले एक ट्रेन चालक घायल हो गया।

एक बयान में, उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उन्होंने ट्रेन से सुरक्षा बलों सहित लोगों को बंधक बना लिया है। बीएलए ने दावा किया कि उसने 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया और उसके ऑपरेशन में 6 सुरक्षाकर्मी मारे गए। उसका कहना है कि बंधक बनाए गए लोगों में सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। प्रांतीय सरकार या रेलवे के अधिकारियों ने बंधकों के पकड़े जाने की पुष्टि नहीं की। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल बलूचिस्तान के बोलन जिले के मुश्कफ इलाके में घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि बलूचिस्तान सरकार ने आपातकालीन उपाय लागू किए हैं और स्थिति से निपटने के लिए सभी संस्थानों को जुटाया गया है। बता दें अशांत बलूचिस्तान में अलगाववादी उग्रवादी समूहों ने सेना और क्षेत्र में चीनी परियोजनाओं के खिलाफ लगातार हमले किए हैं।

> रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल बलूचिस्तान के बोलन जिले के मुश्कफ इलाके में घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

बीएलए बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह कई जातीय विद्रोही समूहों में से सबसे बड़ा है, जिसने दशकों से पाकिस्तान सरकार से लड़ाई लड़ी है। संगठन का कहना है कि सरकार बलूचिस्तान के समृद्ध गैस और खनिज संसाधनों का अनुचित तरीके से दोहन कर रही है। बीएलए को पाकिस्तान, ईरान, चीन, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ ने आतंकी संगठन घोषित किया है।

## बांग्लादेश में 6 बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न

**ढाका** । बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इस बीच स्थानीय मीडिया के मुताबिक मंगलवार को छह जिलों में छह बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। सोमवार को छह जिलों में बलात्कार के आरोप में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न हुआ, वे सभी छह से चौदह साल की उम्र के हैं। इन घटनाओं में से एक में, यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर कर दिया है। बांग्लादेश में हाल ही में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के खिलाफ महिला के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों को लेकर कई प्रदर्शन हुए हैं। देश में महिलाएं बलात्कार के अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं।

## हूती नेता ने इजरायल के जहाजों पर फिर से हमला करने की दी धमकी

**सना (आईएएनएस)**



यमन के हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने ऐलान किया है कि अगर मानवीय सहायता चार दिन की समय-सीमा के भीतर गाजा नहीं पहुंचती है, तो उनका समूह इजरायल से जुड़े जहाजों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू कर सकता है। अब्दुल मलिक अल-हूती ने सोमवार को समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर एक टेलीविजन भाषण में इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा, "हम गाजा पट्टी में मदद भेजने के लिए अपनी तय की गई समय सीमा पर कायम हैं और हमारे सशस्त्र बल अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।" समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हूती नेता ने पहले इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थों को चार दिन का अल्टीमेटम दिया था, ताकि गाजा में सहायता पहुंचाने का काम फिर से शुरू किया जा सके। हूती नेता का यह अल्टीमेटम मंगलवार को समाप्त होने वाला है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने नवंबर 2023 से लाल सागर और इजरायली शहरों में इजरायल से जुड़े जहाजों पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए हैं। उन्होंने इजरायल-हमास संघर्ष के बीच फिलिस्तीनियों के समर्थन में ये हमले किए हैं।

हालांकि, इसके जवाब में इजरायली सेना ने सना और लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेइदाह में हूती सैन्य स्थलों को निशाना बनाया है। इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बाद हूती हमले बंद हो गए। हालांकि, समूह ने अब धमकी दी है कि अगर गाजा पर नाकाबंदी नहीं हटाई गई तो वे फिर से अभियान शुरू कर देगा। इजरायल ने हमास के साथ चल रहे युद्ध के दौरान यमन में हूती विद्रोहियों को पांच बार निशाना बनाया है। हालिया हमला 10 जनवरी को हुआ था, जबकि पहला हमला 20 जुलाई, 2023 को हुआ था।

## आर्मीनियाई विदेश मंत्री ने स्वागत के लिए जयशंकर को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली** । आर्मीनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान ने मंगलवार को भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मिर्जोयान ने पोस्ट किया, "आज दिल्ली में मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल को मिले गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए मंत्री डॉ. एस जयशंकर को धन्यवाद। आर्मीनियाई विदेश मंत्री ने कहा, "हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख विषयों पर उपयोगी चर्चा की, हमने जो महत्वपूर्ण प्रगति की है, उस पर विचार किया गया। इसके साथ ही हमारी साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों की रूपरेखा तैयार की गई। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास पर बातचीत जारी रखना खुशी की बात है। विदेश मंत्री जयशंकर के निमंत्रण पर आर्मीनियाई विदेश मंत्री 9 से 11 मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान, दोनों नेताओं ने सकारात्मक चर्चा की। यह बातचीत भारत-आर्मीनिया के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रही।

## ओटीटी 3 विनर सना मकबूल ऑटोइम्यून पीड़ित हैं, बोली- मैं शाकाहारी बन गई हूं



बिग बॉस ओटीटी 3 में विजेता रही सना मकबूल इस दौरान सुर्खियों में आ गई है। दरअसल, इसके पीछे की वजह है एक्ट्रेस की बीमारी। सना मकबूल ने बताया कि ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस के साथ उनकी यात्रा 2020 में शुरू हुई और एक्ट्रेस अपने स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए स्टेरॉयड, सप्रेसेंट और अन्य दवाएं ले रही हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 की परचम लहराने वाली सना मकबूल इस दौरान लीवर की बीमारी और इम्युनिटी डिसऑर्डर से अपने संघर्ष से लड़ रही है। यह बीमारी एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु को भी है। हालिए में भारती सिंह के साथ 8 मार्च के पॉडकास्ट में, सना ने शेयर किया कि वह 2020 से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस से जूझ रही हैं। एक ऐसी स्थिति जिसमें उनके शरीर की कोशिकाएं उनके लीवर पर हमला करती हैं। एक्ट्रेस इसके लिए दवा ले रही हैं।

### 'मुझे लीवर की बीमारी है'

सना की स्थिति जटिल है, कभी-कभी लक्षण ल्यूपस जैसे दिखते हैं, जो एक्ट्रेस के गुर्दे को प्रभावित करता है या गठिया का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा, "मैंने स्वास्थ्य कारणों से हाल ही में शाकाहारी बनना शुरू किया है... बहुत से लोग नहीं जानते कि मैं ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस की मरीज़ हूं।

## चुनाव आयोग का संवाद आमंत्रण, कानूनी ढांचे में चुनाव सुधार पर फोकस

**नई दिल्ली** । भारतीय निर्वाचन आयोग ने देशभर के सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन मुद्दों का निपटान निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक पत्र के माध्यम से राजनीतिक दलों को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही पार्टी अध्यक्षों तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ, एक सहमति के अनुसार, संवाद करने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि चुनावी प्रक्रियाओं को कानूनी ढांचे के अनुसार और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग की एक सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देशित किया था कि वे नियमित रूप से राजनीतिक दलों के साथ संवाद स्थापित करें। इस दौरान प्राप्त किसी भी सुझाव का निपटान पहले से स्थापित कानूनी ढांचे के भीतर किया जाए और आयोग को 31 मार्च तक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। आयोग ने राजनीतिक दलों से इस विकेंद्रीकृत संवाद तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने की अपील भी की है।

## मस्क ने 'एक्स' पर हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े होने के दिए संकेत

**नई दिल्ली** । अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने संकेत दिए हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हाल में हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े हो सकते हैं। इस साइबर हमले के कारण एक्स पर एक बड़ा ग्लोबल आउटेज हुआ था। भारत सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के लाखों यूजर्स सोमवार को लंबे समय तक माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, एक्स आउटेज दोपहर 3 बजे पीक पर था। मीडिया से बात करते हुए एक्स के मालिक मस्क ने आरोप लगाया कि साइबर अटैक के डिजिटल ट्रेस यूक्रेन से उत्पन्न हुए थे। फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में मस्क ने कहा, "हमें ठीक से पता नहीं है कि क्या हुआ था, लेकिन यह यूक्रेन एरिया से उत्पन्न आईपी एड्रेस के साथ एक्स सिस्टम को डाउन करने की कोशिश के साथ एक बड़ा साइबर अटैक था। डाउनटाइम के दौरान, एक्स ने पूरी तरह से काम करना बंद कर दिया था और 40 हजार से ज्यादा यूजर्स को कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ा और वे पोस्ट करने या प्लेटफॉर्म पर पेज खोलने में भी असमर्थ थे। एक्स पर साइबर हमले के रूप में आउटेज की पुष्टि करते हुए मस्क ने सोमवार को कहा था कि वे उन लोगों का पता लगाएंगे जो इस हमले के पीछे हैं।

## पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, डॉक्टरों ने कहा- जान को कोई खतरा नहीं

**वेटिकन सिटी (आईएएनएस)**



मैं भी सेवा की सोच और देखभाल की कोमलता का अनुभव करता हूं, विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है और जान को कोई खतरा नहीं है। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है। वेटिकन ने एक बयान में कहा, "होली फादर की चिकित्सा स्थितियां अभी भी स्थिर बनी हुई है। बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है।

डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पोप फ्रांसिस अपना इलाज पूरा करने के लिए कुछ और दिनों के लिए चिकित्सा निगरानी में रहें, क्योंकि उनकी स्थिति जटिल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के समय गंभीर संक्रमण था। पोप फ्रांसिस की तबीयत में सुधार हो रहा है और वह अपने इलाज के दौरान शारीरिक तथा सांस संबंधी चिकित्सा से गुजर रहे हैं। वे रात में ऑक्सीजन मास्क और दिन में हाई-फ्लो ऑक्सीजन कैनुला का उपयोग करते हैं।

हालांकि, पोप ने अपने प्रवेश के बाद से कोई सार्वजनिक उपस्थिति नहीं दिखाई है, लेकिन वे वीडियो लिंक के माध्यम से वेटिकन की प्रार्थनाओं का पालन करते हैं। पिछले सप्ताह पोप ने एक ऑडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना और समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। लगातार चार रविवार तक अपनी एंजेल्स प्रार्थना में शामिल नहीं होने के बावजूद पोप फ्रांसिस ने अपनी चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा, "मैं भी सेवा की सोच और देखभाल की कोमलता का अनुभव करता हूं, विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

### साउथ अफ्रीका के जोहांसबर्ग में हादसा

## बस पलटने से 12 लोगों की मौत और 45 घायल मलबे में फंसे दो शव

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में एक राजमार्ग पर बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 45 लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं ने इसको लेकर जानकारी दी है। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने कहा कि आपातकालीन दल बस को वापस उसके पहियों पर चढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है। दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओ.आर. टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई। अधिकारियों ने कहा कि बस राजमार्ग के किनारे पर अपनी तरफ़ से पलटी हुई थी। यह जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप या कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना के समय नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो शव अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने पीड़ितों की उम्र के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी। नथलाडी ने कहा कि वे अस्पताल में भर्ती लोगों को लगी चोटों की गंभीरता के बारे में भी जानकारी नहीं दे सकते।


# यूक्रेन का मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक, रूस का दावा- हमले को किया नाकाम

**मॉस्को (आईएएनएस)**

यूक्रेन ने मंगलवार को रूसी राजधानी पर अपना सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस में कुल 337 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में गिराए गए जबकि और 126 कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जहां से यूक्रेनी सेनाएं पीछे हट रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन अटैक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, एयरपोर्ट बंद हो गए और दर्जनों उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह बड़ा ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेनी अधिकारियों का एक दल तीन वर्ष पुराने युद्ध में संभावित शांति वार्ता के लिए आधार तलाशने के लिए सऊदी अरब में अमेरिकी दल से मिलने की तैयारी कर रहा है। वहीं रूसी सेना पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रही है।

बता दें पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। रूस को हाल के दिनों में क्षेत्र में कुछ कामयाबी मिली है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि हवाई सुरक्षा अभी भी शहर पर हमलों को रोक रही है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, "मॉस्को पर दुश्मन के यूएवी (मानव रहित हवाई वाहनों) के सबसे बड़े हमले को नाकाम कर दिया गया है। रूस की राजधानी और आस-पास के क्षेत्र की आबादी कम से कम 21 मिलियन है। यह यूरोप के सबसे बड़े महानगरीय क्षेत्रों में से एक है। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने कहा कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उन्होंने एक क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट की तस्वीर पोस्ट की, जिसकी खिड़कियां हमले में उड़ गई थीं। वोरोब्योव ने कहा कि कुछ लोगों को क्रेमलिन से लगभग 50 किमी (31 मील) दक्षिण-पूर्व में मॉस्को क्षेत्र के रामेंस्कोय जिले में एक बहुमंजिला इमारत खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### रूस ने मॉस्को और प्रमुख प्रतिष्ठानों के लिए इलेक्ट्रॉनिक 'छतरियां' विकसित की हैं



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को में दहशत का कोई संकेत नहीं था, यात्री सेंट्रल मॉस्को में सामान्य रूप से काम पर जाते देखे गए। रूस के विमानन निगरानीकर्ता ने कहा कि हमलों के बाद हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मास्को के सभी चार हवाई अड्डों पर उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। मास्को के पूर्व में यारोस्लाव और निजनी नोवगोरोड क्षेत्रों में दो अन्य हवाई अड्डे भी बंद कर दिए गए हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वे यूक्रेन में शांति स्थापित करना चाहते हैं, लेकिन कुर्स्क में रूस के बड़े हमले और रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमलों की श्रृंखला के साथ युद्ध और गंभीर होता जा रहा है। रूस ने मॉस्को और प्रमुख प्रतिष्ठानों पर ढेरों इलेक्ट्रॉनिक 'छतरियां' विकसित की हैं। रणनीतिक इमारतों पर अतिरिक्त उन्नत आंतरिक परतें और राजधानी के मध्य में क्रेमलिन तक पहुंचने से पहले ड्रोन को मार गिराने के लिए हवाई सुरक्षा का एक जटिल जाल बनाया है। कीव, जो खुद रूस के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों का लक्ष्य है, ने बार-बार ड्रोन हमला कर जवाब देने की कोशिश की है।